शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

àß-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 04 | गुवाहाटी | बुधवार, 31 जुलाई, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी पर स्वतंत्रता दिवस पर फहराया जाएगा तिरंगा पेज 2
400 से अधिक बीपीएफ नेता भाजपा में हुए शामिल पेज 3
सरकार की मंशा ही काफी : जितेंद्र गोठवाल पेज 5
16 साल की बेटी जिया ने रचा इतिहास, इंग्लिश चैनल पार... पेज 7

## वायनाड में भूस्खलन, 123 लोगों की मौत, 128 घायल, 98 लोग लापता

● सरकार ने दो दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की ● पीएम ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को दो लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा ● केंद्रीय गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री को दिया हर संभव मदद का आश्वासन





**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केरल के वायनाड जिले के मेप्पडी, मुंडक्कई टाउन और चूरल माला में मूसलाधार बारिश के बीच आज सुबह हुए भूस्खलन में जानमाल की बड़ी क्षति हुई है। वायनाड जिले के ऊंचाई वाले गांवों में सैकड़ों घर जमींदोज हो गए हैं। भूस्खलन में अब तक 123 लोगों की मौत हो गई है और 128 लोग घायल बताए जा रहे हैं, , जबकि 98 लोग अभी भी लापता हैं। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और कई लोग अभी भी लापता हैं। बचाव दल खराब मौसम के बीच पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं और पीड़ित लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कई एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को कहा कि उत्तरी वायनाड जिले में हुए भीषण भूस्खलन में 123 लोगों की मौत हो गई और करीब 128 लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि पहला भूस्खलन देर रात करीब दो बजे हुआ और उसके बाद तड़के साढ़े चार बजे अगला भूस्खलन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप सैकड़ों लोग मलबे में फंस गए और कई लोग बह गए। भूस्खलन ने तबाही के निशान छोड़े हैं। कई मकान जमींदोज हो गए हैं, नदियां उफान पर हैं और कई पेड़ उखड़ गए हैं। सेना, नौसेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के बचाव दल खराब मौसम के बीच पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं और पीड़ित लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कई एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। एक वरिष्ठ सरकारी सूत्र के अनुसार, जिले के मेप्पडी के पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद कई भूस्खलन हुए हैं जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। मालूम हो कि भारी बारिश के दौरान रात करीब एक बजे मुंडक्कई कस्बे में पहला भूस्खलन हुआ। वहां बचाव अभियान जारी था कि सुबह करीब 4 बजे चूरलमाला स्कूल के पास दूसरा भूस्खलन हुआ। चूरलमाला टाउन में पुल ढहने के बाद क्षेत्र में लगभग 400 परिवार फंसे हुए हैं। यह पुल मुंडक्कई में अट्टमाला तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता है और इसके ढहने से बचाव कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वायनाड में भूस्खलन की घटना में कम से कम 123 लोगों की जान जाने के बाद केरल सरकार ने आज और कल राज्य में आधिकारिक शोक की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायनाड में हुए भूस्खलन में मृतकों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने इस आपदा पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री से बातचीत की है और केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। एनडीआरएफ और सेना दोनों ही बचाव कार्यों में जुटे हैं। भूस्खलन से पेड़ -शेष पृष्ठ दो पर

## राहुल चिंतित, कांग्रेस ने केंद्र से सहायता पहुंचाने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से बचाव कार्य में तेजी लाने और चिकित्सा देखभाल के लिए तत्काल हर संभव सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया है। मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता व रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आज सुबह, वायनाड कई विनाशकारी भूस्खलन की चपेट में आ गया। 70 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। मुंडक्काई गांव का संपर्क कट गया है और त्रासदी के पैमाने के कारण जानमाल के विनाशकारी नुकसान और व्यापक क्षति का आकलन किया जाना बाकी है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि मैंने रक्षा मंत्री और केरल के मुख्यमंत्री से बात की है। मैंने केंद्र सरकार से बचाव और चिकित्सा देखभाल के लिए तत्काल हर संभव सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी रायबरेली से पहले वायनाड से भी सांसद रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर वायनाड भू-स्खलन पर प्रतिक्रिया -शेष पृष्ठ दो पर

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने असम के राज्यपाल के रूप में ली शपथ

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के नवनियुक्त राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मंगलवार को गुवाहाटी के श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित एक समारोह में असम के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। नवनियुक्त राज्यपाल को गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई ने मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा, कैबिनेट मंत्रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में शपथ दिलाई। आचार्य ने गुलाब चंद कटारिया -शेष पृष्ठ दो पर



फोटो दशरथ डेका

## तनाव सुलझा, पर्यटन स्थलों पर असम की वाहनों का स्वतंत्र यात्रा बहाल

**शिलांग/गुवाहाटी।** खासी टैक्सी यूनियन ने राज्य के पर्यटन स्थलों पर यात्रियों को ले जाने के लिए बाहर से पर्यटक टैक्सियों को अनुमति न देने की अपनी मांग वापस ले ली है, जिससे कई दिनों से चल रहा गतिरोध समाप्त हो गया। यह निर्णय 30 जुलाई को मेघालय के नोंगपोह में असम पर्यटक टैक्सी यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक के बाद लिया गया। बैठक में असम और मेघालय के 28 चालक संघों और पर्यटक संघों के प्रतिनिधि शामिल थे, जो इस निर्णय के साथ संपन्न हुआ कि निजी और व्यावसायिक दोनों वाहन अब शिलांग, दावकी, चेरापूंजी और मेघालय के अन्य हिस्सों जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर स्वतंत्र रूप से यात्रा कर सकते हैं। इससे पहले, असम के -शेष पृष्ठ दो पर



सुप्रभात

*खुद ही अपने सपनो को साकार करे, वर्ना कोई और आपको उनके सपनो को साकार करने के लिए खरीद लेंगा।*

-फराह ग्रे

### न्यूज गैलरी

#### लोस में ध्वनिमत से वित्त वर्ष 2024-25 का केंद्रीय बजट पास

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** लोकसभा ने मंगवलार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 48.21 लाख करोड़ रुपए के केंद्रीय बजट को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। लोकसभा ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बजट को भी ध्वनिमत से अपनी मंजूरी दे दी। इसके साथ ही उससे संबंधित विनियोग विधेयक संख्या-3 को भी सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। -शेष पृष्ठ दो पर

#### आयुष को मुख्यधारा में लाना एनएचएम की मुख्य रणनीति : सरकार

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव ने मंगलवार को कहा कि आयुष को मुख्यधारा में लाना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रमुख रणनीतियों में से एक है, जिसका उद्देश्य लोगों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। प्रताप राव जाधव ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित -शेष पृष्ठ दो पर

## साल 2047 तक हम विकसित भारत बनाएंगे : निर्मला



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि साल 2047 तक हम विकसित भारत बनाएंगे। उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विकसित भारत का बजट है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 के बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के लिए है। भौगोलिक विकास के हिसाब से यह बजट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत सरकार का विजन है। इस इस वित्त वर्ष में 48.2 लाख करोड़ रुपए खर्च -शेष पृष्ठ दो पर

## मेरठ में हाईटेंशन लाइन से टकराई 35 फुट ऊंची कांवड़, सात झुलसे

**मेरठ ( हि.स. )।** ऊंची कांवड़ पर रोक के बाद भी मंगलवार को हरिद्वार से दिल्ली ले जाई जा रही 35 फुट ऊंची कांवड़ बागपत रोड बाईपास फ्लाईओवर पर हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। करंट की चपेट में आकर सात कांवड़िए झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और कांवड़ियों का हालचाल पूछा। स्थानीय पुलिस के मुताबिक दिल्ली के हैदरपुर से 20 कांवड़ियों का जत्था 35 फुट ऊंची कांवड़ लेकर आ रहे थे। सोमवार को यह कांवड़ सिवाया पार करके मोदीपुरम पहुंची थी। उस समय पुलिसकर्मियों की सूचना पर 220 केवीए बिजलीघर के कर्मचारियों ने हाईटेंशन लाइन की सप्लाई बंद कर दी। एटूजेड कॉलोनी के पास यह कांवड़ हाईटेंशन लाइन तक पहुंच रही थी। बिजली सप्लाई बंद करके कांवड़ को यहां से गुजारा गया। मंगलवार को इन कांवड़ियों का जत्था एनएच-58 -शेष पृष्ठ दो पर



*यूपी में योगी का ऐतिहासिक फैसला*

## लव जिहाद पर उम्र कैद

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध (संशोधन) विधेयक, 2024 विधानसभा में पेश किया, जिसमें लव जिहाद मामलों में आजीवन कारावास की कठोर सजा का प्रस्ताव किया गया है। जहां भाजपा ने इस कदम का स्वागत किया, वहीं विपक्ष नाखुश नजर आया और इसे भाजपा द्वारा नकारात्मक राजनीति करने के लिए विभाजनकारी कदम बताया। यह कहते हुए कि उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 के तहत मौजूदा प्रावधान अपर्याप्त हैं, योगी सरकार ने मौजूदा विधेयक में संशोधन का प्रस्ताव दिया, जिसमें सजा को -शेष पृष्ठ दो पर



*सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दी बड़ी राहत, कहा-*

## ईवीएम-वीवीपैट के सौ फीसदी मिलान वाले फैसले पर नहीं होगा पुनर्विचार

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम मशीन से 100 फीसदी मिलान कराने पर अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करेगा। 100 फीसदी मिलान को लेकर पुर्नविचार याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने पुनर्विचार याचिका खारिज करते हुए कहा कि 26 अप्रैल के फैसले पर पुनर्विचार का कोई मामला नहीं बनता है।



दरअसल 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपीएटी और ईवीएम मशीन की पर्चियों का 100 फीसदी मिलान करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था। पीठ ने 25 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि हमने समीक्षा याचिका और उसके समर्थन में दिए गए आधारों का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया है। हमारी राय में, 26 अप्रैल, 2024 के फैसले की समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। तदनुसार, समीक्षा याचिका खारिज की -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत की राजकोषीय समझदारी विश्व के लिए आदर्श : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एकमात्र ऐसा देश है जो कम मुद्रास्फीति के साथ उच्च विकास का अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की राजकोषीय समझदारी दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में काम करती है। प्रधानमंत्री मोदी विज्ञान भवन में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित जर्नी टुवर्ड्स विकसित भारत : केंद्रीय बजट 2024-25 पश्चात सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जब सारे देश कम विकास और उच्च मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं, तो ऐसी परिस्थिति में उच्च विकास और कम मुद्रास्फीति वाला भारत इकलौता देश है। भारत ने ये ग्रोथ तब हासिल करके दिखाई है, जब पिछले 10 साल में अर्थव्यवस्था को झटका देने वाले अनेक संकट आए। हमने हर संकट का मुकाबला किया, हर चुनौती का समाधान किया। अगर ये संकट न आते तो आज भारत जहां पहुंचा है, उससे अधिक ऊंचाई पर होता। महामारी के दौरान उद्योग जगत के साथ अपनी -शेष पृष्ठ दो पर



CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact
97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa cÆurga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी पर स्वतंत्रता दिवस पर फहराया जाएगा तिरंगा




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** रक्षा मंत्रालय ने अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे विशाल भारतीय झंडा फहराने के लिए पहला अभियान शुरू किया है। नई दिल्ली में इस अभियान को रक्षा मंत्रालय की अपर सचिव दीप्ति मोहिल चावला ने मंगलवार को कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान से माउंट किलिमंजारो के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान (एचएमआई) ने कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान से अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो तक दिव्यांगजन अभियान चलाया है। इस अभियान दल में उदय कुमार 91 प्रतिशत दिव्यांग हैं, जिनका एक पांव घुटने से ऊपर तक कटा है। उदय कुमार पहले ही पश्चिमी सिक्किम के कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान में माउंट रेथेनॉक (16,500 फीट) पर चढ़ चुके हैं। इनके अलावा दल में वायु सैनिक और हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान के प्राचार्य ग्रुप कैप्टन जय किशन, कैप्टन श्रुति एस. चनवीरगौड़ा, सूबेदार महेंद्र कुमार यादव, पावेल शर्मा और सुश्री सुलक्षणा तमांग हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 78वें स्वतंत्रता दिवस पर यह अभियान दल अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो पर सबसे बड़ा भारतीय ध्वज फहराने वाले पहले दिव्यांगजन अभियान के रूप में इतिहास रचेगा। भारत के गौरव और एकता को प्रदर्शित करते हुए 7,800 वर्ग फुट का राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित किया जाएगा। यह अभियान भारतीय लोगों की शक्ति, दृढ़ संकल्प और एकता का प्रमाण है। इसका उद्देश्य युवाओं, दिव्यांगजनों और वंचित लोगों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना है, चाहे वे सपने कितने ही मुश्किल क्यों न हों।

# सीएम ने पदक जीतने वाली मनु भाकर को बधाई दी

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर एवं सरबजोत सिंह को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। शर्मा ने कहा कि भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गई हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरा देश गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश खेल क्षेत्र में प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है और नारी शक्ति खेलों में अपना परचम लहरा रही है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में भाकर ने सरबजोत सिंह के साथ जोड़ी बनाकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया है।

No.TE(Ex)Admn-5/2024/

**EDUCATIONAL NOTICE**

**SPOT ROUND OF ALLOTMENT FOR CSAB NEUT-2024**

**For admission against the vacant seats in Degree Courses in Engineering/ Technology and Architecture in the Institutions outside Assam against the seats reserved for the candidates of Assam by Ministry of Education, Government of India.**

It is for the information to all concerned that the spot round of allotmentof seats offered for the candidates of Assam by Ministry of Education, Govt. of India in Degree courses in Engineering/ Technology and Architecture in different Technical Institutions of India (outside Assam) which remained vacant after 1st and 2nd round of online allotments by CSAB NEUT 2024, will be held on**6th August, 2024**from **10.30 am** in the **Office of the Director of Technical Education, Assam, Kahilipara, Guwahati-19.**

The allotment and admission against these seats will be based onthe All India Rank of JEE (Main)-2024 subject to the condition as per theInformation Brochure CSAB-NEUT-2024.Interested candidates are directed to report to the Office of the Director of Technical Education, Assam, Kahilipara, Guwahati-19, with all original documents and 03(three) copies of passport size photographs before 12:00noon positively.

Those candidates who have a confirmed seat allotment under CSAB NEUT-2024, with admission letter issued by respective DTEs of States/UTs/NERIST from 1st/2nd Rounds, cannot participate in Spot Round unless they Withdraw their currently allotted seat.

All candidates who register for spot round and allotted a seat are required to pay an allotment fee of Rs.5000/-on the day of the spot counselling round.The payment details will be made available during spot round.
The details of the vacant seats and documents required for verification during spot round of counselling will be made available in www.dte.asssam.gov.in.

**Disclaimer: It will be the sole responsibility of the candidate to verify his/her minimum eligibility and / or special eligibility for a particular course/program/Institute and the availability of chosen programs (Course and Institute). Directorate of Technical Education, Assam will not be responsible for any cancellation of seats due to non-fulfilment of minimum eligibility and / or special eligibility conditions or Non availability of the seats / Programs.**

*-- Janasanyog /D/3254/24/31-Jul-24*

Director of Technical Education, Assam
Kahilipara, Guwahati-19.

# रतिया में कांवड़ियों ने स्कूल बस में की जमकर तोड़फोड़

**फतेहाबाद ( हिंस )।** स्कूल बस का शीशा कांवड़ियों की पालकी के साथ टकराने के बाद रतिया शहर में जमकर विवाद हुआ। मंगलवार सुबह कांवड़ियों के एक दल ने बच्चे लेकर जा रही स्कूल बस पर पथराव कर दिया। कांवड़ियों ने स्कूल बस के सभी शीशों को ईंटों से तोड़ दिया। इस दौरान रास्ते में जो भी आया, उस पर भी पथराव शुरू कर दिया गया। कांवड़ियों ने बस चालक के साथ मारपीट भी की। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों को शांत करवाते हुए कांवड़ियों के दल को आगे रवाना कर दिया। पुलिस द्वारा तोड़फोड़ करने वाले कांवड़ियों पर कोई कार्रवाई न करने से स्कूल बस चालकों में रोष फैल गया और मौके पर पहुंचे स्कूल बस चालकों ने बस को सड़क पर आड़ा-तिरछा खड़ा करके जाम लगा दिया। बस चालक कांवड़ियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े है। बताया जा रहा है, जिस दौरान यह घटना हुई, उस समय स्कूल वैन में बच्चे भी सवार थे, जो बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ियों का एक जत्था हरिद्वार से कांवड़ भरकर रतिया होते हुए फतेहाबाद की तरफ जा रहा था। कांवड़ियों ने एक पालकी भी सजाई हुई थी। बताया जा रहा है कि यह जत्था जब रतिया के टोहाना रोड से गुजर रहा था तो अकाल अकादमी की एक बस के चालक ने हॉर्न दिया लेकिन कावड़िए सड़क से पीछे नहीं हटे। काफी देर तक जब कावड़िए साइड पर नहीं आए तो बस चालक ने साइड से बस निकालने की कोशिश की।

# अक्षय ऊर्जा के उपयोग को पूसीरे दे रहा बढ़ावा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय रेल की नीति के अनुरूप पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) वर्ष 2030 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को और अधिक कम करने के प्रयास में पूसीरे इस जोन के सेवा भवनों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में रूफ-टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर अधिक से अधिक हरित ऊर्जा के उत्पादन के लिए विभिन्न प्रकार के कदम उठा रही है। अक्षय ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए, पूसीरे ने अक्षय स्त्रोतों से 1.45 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पन्न की है, जिसके परिणामस्वरूप चालू वर्ष के अप्रैल-जून के दौरान 97.9 लाख रुपए (लगभग) की बचत हुई है। नॉन-ट्रैक्शन ऊर्जा खपत के लिए बेहतर पावर फैक्टर, समय पर भुगतान करने पर छूट आदि के कारण पूसीरे अप्रैल से जून माह तक 66.7 लाख रुपए (लगभग) की बचत भी की है।

## पृष्ठ एक का शेष

### *वायनाड में भूस्खलन...*

उखड़ गए हैं। लगातार पानी का बहाव जारी है और कई घर जमींदोज हो गए हैं। सैकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि सभी सरकारी एजेंसियां बचाव कार्यों में शामिल हो गई हैं और स्वास्थ्य विभाग - राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने एक नियंत्रण कक्ष खोला है। आपातकालीन सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर, 9656938689 और 8086010833 भी जारी किए गए हैं। वायनाड जिले में बड़े पैमाने पर भूस्खलन के बाद आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों की देखरेख के लिए सीराम संबाशिव राव आईएएस को विशेष अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। भारतीय सेना की टुकड़ी चूरलमाला में भूस्खलन स्थल पर पहुंची है। रस्सियों का उपयोग करके, सैनिकों को चूरलमाला के वार्ड नंबर 10 में सहायता और बचाव प्रयासों को पूरा करने के लिए नदी के उस पार ले जाया जा रहा है जो उफान पर है। सेना ने बचाव कार्यों में सहायता के लिए रक्षा सुरक्षा कोर के 200 सैनिकों और एक मेडिकल टीम को तैनात किया। इसके अतिरिक्त, प्रयासों में सहायता के लिए सुलूर में वायु सेना स्टेशन से दो हेलीकॉप्टर भेजे गए हैं। एनडीआरएफ का कहना है कि उनकी टीमें वायनाड में विभिन्न स्थानों पर हैं। एनडीआरएफ की 3 टीमें पहले से ही वायनाड में हैं। हम बचाव कार्य करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हम भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के अंदरूनी हिस्सों तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायनाड में भारी वर्षा और भूस्खलन से जानमाल की क्षति पर दुख जताया है। उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री से टेलीफोन पर बात कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वायनाड के कुछ हिस्सों में भूस्खलन से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है और जो घायल हुए हैं। मैं उनके स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वायनाड में बचाव अभियान चल रहा है। इस संबंध में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से टेलीफोन पर बातचीत की है। उन्होंने केंद्र की ओर से केरल के मुख्यमंत्री विजयन को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक पर पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री ने वायनाड के कुछ हिस्सों में भूस्खलन में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री विजयन से बात की और वायनाड में भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित स्थिति का जायजा लिया। शाह ने विजयन को स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। गृहमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन के बारे में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बात की और प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने में केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) पहले से ही जमीन पर राहत और बचाव अभियान चला रहा है। इससे पहले, शाह ने भूस्खलन पर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि एनडीआरएफ युद्ध स्तर पर खोज और बचाव अभियान चला रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एनडीआरएफ की एक दूसरी टीम अभियान को और मजबूत करने के लिए आ रही है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि केरल के वायनाड में भूस्खलन की घटनाओं से बहुत चिंतित हूं। एनडीआरएफ युद्ध स्तर पर खोज और बचाव अभियान चला रहा है। दूसरी टीम प्रतिक्रिया अभियान को और मजबूत करने के लिए आ रही है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### *राहुल चिंतित, कांग्रेस ने ...*

देते हुए कहा कि वायनाड में भूस्खलन से बेहद दुखी हूं, जहां कई लोग कथित तौर पर फंस गए हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मैं राज्य और केंद्र सरकार से आग्रह करता हूं कि वे राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाएं और सभी एजेंसियों के समन्वय से पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करें। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए अपने सभी प्रयास करने चाहिए। केरल वायनाड भूस्खलन पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है ... वायनाड का इलाका अलग है और मौसम भी बहुत अच्छा नहीं है। हम सुबह से स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। विपक्ष के नेता ने केरल के मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री से बात की। दोनों ने आश्वासन दिया कि तेजी से बचाव अभियान और पुनर्वास प्रक्रिया जारी रहेगी। आधुनिक साजो-सामान और सशस्त्र बलों के साथ बचाव अभियान में तेजी लानी होगी...। वायनाड भूस्खलन पर सीपीआई नेता एनी राजा ने कहा कि एक बार फिर, त्रासदी ने वायनाड के लोगों को मारा है ... यह कल रात हुआ, लेकिन कुछ क्षेत्रों में बचाव दल अब भी नहीं पहुंचा है, रिपोर्टों के अनुसार...केरल सरकार लोगों तक पहुंचने और उन्हें बचाने के लिए अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रही हैं। मंत्री पहले ही वायनाड पहुंच चुके हैं और वे अस्पतालों में लोगों से मिल रहे हैं... प्रधानमंत्री ने कहा है कि उन्होंने केरल सरकार से संपर्क किया है। उन्होंने कुछ घोषणाएं भी की हैं।

### *लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ...*

का स्थान लिया है। कटारिया को पंजाब का राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का प्रशासक नियुक्त किया गया है। 59 वर्षीय आचार्य को मणिपुर के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इस नियुक्ति से पहले वे सिक्किम के राज्यपाल थे। आचार्य आरएसएस और भाजपा के सदस्य रहे हैं। वे उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य भी थे।

### *तनाव सुलझा, पर्यटन...*

वाहनों को एक सप्ताह से अधिक समय तक मेघालय में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया था, जिससे काफी तनाव पैदा हो गया था। स्थिति तब और बिगड़ गई जब खासी टैक्सी यूनियन ने 9 जुलाई को मेघालय के पर्यटन मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की गई कि असम या अन्य राज्यों से कैब और टैक्सियों को केवल शिलांग तक ही सीमित रखा जाए। मांगों के अनुसार, अन्य स्थानों पर पर्यटन केवल मेघालय की स्थानीय टैक्सियों द्वारा ही किया जाना था। इस प्रतिबंध ने अन्य राज्यों के पर्यटकों के बीच चिंता पैदा कर दी थी, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों ने भी सोशल मीडिया पर अपनी चिंता व्यक्त की थी। परिणामस्वरूप मेघालय में पर्यटन उद्योग को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, नोंगपोह में व्यापक चर्चा के बाद, दोनों राज्यों के प्रतिनिधियों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता किया, जिसके परिणामस्वरूप मांगों को निरस्त कर दिया गया।

### *साल 2047 तक ...*

होने जा रहा है। उन्होंने सदन को बताया कि सरकार का व्यय तेजी से बढ़ा है, जो 48.21 लाख करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में इसमें 7.3 फीसदी और 2023-24 के पूर्व वास्तविक व्यय की तुलना में 8.5 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है। सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25, विकसित भारत की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि इससे मुझे और भी अधिक मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। वित्त मंत्री ने कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करना होगा। उन्होंने लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हम राजकोषीय घाटे को 2025-26 तक 4.5 फीसदी से नीचे लाएंगे। विपक्षी दलों के आरोपों पर बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि मैं ये साफ कर देना चाहती हूं कि अगर किसी राज्य का बजट में नाम नहीं लिया गया, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि उस राज्य को पैसे जारी नहीं किए गए। विपक्ष को लोगों के बीच ऐसी धारणा नहीं बनानी चाहिए। बजट पर चर्चा के जवाब में वित्त मंत्री ने बताया कि यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान किस वर्ष के बजट में कितने राज्यों के नाम की चर्चा नहीं की गई।

### *मेरठ में हाईटेंशन...*

बागपत रोड बाईपास फ्लाईओवर पर पहुंचा तो आठ कांवड़िए शिविर में खाना खाने लगे। जबकि 12 कांवड़ियों ने 35 फुट ऊंची कांवड़ को फ्लाईओवर के ऊपर से ले जाने लगे तो इसी बीच कांवड़ 33 हजार केवीए की विद्युत लाइन से टकरा गई जिससे सात कांवड़िए झुलस गए। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने घायल कांवड़ियों को सुभारती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सात कांवड़ियों में से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। गंभीर घायलों में अमन, करण, सनी शामिल हैं। सूचना पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्र मौके पर पहुंचे और कांवड़ियों का हालचाल जाना। एसएसपी डॉ. ताड़ा के अनुसार घायल कांवड़ियों की हालत खतरे से बाहर है। गनीमत रही की कांवड़ लकड़ी की थी, अन्यथा गंभीर हादसा हो सकता था। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष मेरठ में हाईटेंशन लाइन से कांवड़ियों का डीजे टकराने से छह कांवड़ियों की मौत हो गई थी। अन्य जिलों में भी हुई ऐसी घटनाओं के बाद इस वर्ष कांवड़ और डीजे की ऊंचाई 12 फीट तय की गई थी। इसके बाद भी बड़ी-बड़ी कांवड़ लाने पर कोई प्रभावी रोक नहीं लग पाई।

### *लव जिहाद पर ...*

अधिकतम दस साल से बढ़ाकर आजीवन कारावास, जमानत देना शामिल है। यूपी सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधनों का भाजपा ने स्वागत करते हुए कहा है कि यह कदम सही दिशा में उठाया गया कदम है। समाचार एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, समाजवादी पार्टी ने इस कदम को *विभाजनकारी* करार दिया, जिसका उद्देश्य समाज में शत्रुता पैदा करना है। यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार सुबह विधानसभा पहुंचते ही संवाददाताओं से कहा कि प्रस्तावित संशोधनों का स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि यह ऐसी प्रथाओं के खिलाफ निवारक के रूप में कार्य करेगा। भाजपा नेता मोहसिन रजा ने कहा कि कानून में संशोधन से अवैध धार्मिक रूपांतरण से निपटने में मदद मिलेगी क्योंकि *लव जिहाद* के मामलों में वृद्धि हुई है, जहां बहरूपिये किसी लड़की से शादी करने के लिए अपनी पहचान छिपाते हैं और फिर उसे धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करते हैं। दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी ने लव जिहाद से संबंधित मौजूदा कानूनों में संशोधन के प्रस्ताव को लेकर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला बोला। पार्टी ने कहा कि कानून को और सख्त बनाने की यूपी सरकार की कोशिश नकारात्मक राजनीति के अलावा कुछ नहीं है, जो एक विशेष समुदाय के प्रति भगवा पार्टी की घृणा से प्रेरित है। समाजवादी पार्टी के नेता फखरुल हसन चांद ने कहा कि यूपी में लव जिहाद पर पहले से ही कानून है। अगर कोई किसी को किसी मकसद से अपने प्रेम जाल में फंसाता है तो इसके लिए कानून है लेकिन भाजपा सिर्फ नकारात्मक राजनीति करना चाहती है। बेरोजगारी और पेपर लीक के बारे में कुछ नहीं करना चाहता।

### *ईवीएम-वीवीपैट के ...*

जाती है। अरुण कुमार अग्रवाल द्वारा दायर समीक्षा याचिका में तर्क दिया गया कि 26 अप्रैल के फैसले में स्पष्ट गलतियां और त्रुटियां हैं। पुनर्विचार याचिका में कहा गया था कि यह कहना सही नहीं है कि (ईवीएम मतों को वीवीपैट पर्चियों से मिलान करने से) परिणाम में अनुचित रूप से देरी होगी या इसके लिए पहले से तैनात लोगों से दोगुने लोगों की आवश्यकता होगी... मतगणना हॉलों की मौजूदा सीसीटीवी निगरानी यह सुनिश्चित करेगी कि वीवीपैट पर्चियों की गिनती में गड़बड़ी न हो। याचिकाकर्ता ने 26 अप्रैल के फैसले की समीक्षा की मांग की थी, जिसमें उन याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था, जिनमें मतदाताओं द्वारा डाले गए मतों की ईवीएम में दर्ज मतों की वीवीपैट के साथ क्रॉस-सत्यापन की मांग की गई थी। हालांकि, समीक्षा याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें मतदाताओं को यह सत्यापित करने की अनुमति नहीं देती हैं कि उनके वोट सही तरीके से दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा, उनकी प्रकृति को देखते हुए, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें विशेष रूप से डिजाइनरों, प्रोग्रामर, निर्माताओं, रखरखाव तकनीशियनों आदि जैसे अंदरूनी लोगों द्वारा दुर्भावनापूर्ण परिवर्तनों के लिए असुरक्षित हैं। इसमें कहा गया है कि इसलिए, उपरोक्त के मद्देनजर, 26 अप्रैल, 2024 के विवादित आदेश में स्पष्ट त्रुटियां हैं और विवादित निर्णय की समीक्षा की जानी चाहिए। इसके साथ ही याचिका में चुनाव को बैलट पेपर से कराए जाने की भी मांग की गई थी जिसको सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। पुनर्विचार याचिका अरुण कुमार अग्रवाल द्वारा दायर की गई, जिन्होंने पहले भी इस मुद्दे पर जनहित याचिका दायर की थी। ईवीएम के जरिये डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से 100 प्रतिशत मिलान के मामले पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर पुनर्विचार की मांग करते हुए याचिका दाखिल की गई थी। सुप्रीम कोर्ट मे दाखिल की गई इस याचिका मे 26 अप्रैल को दिए गए फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की गई थी। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ईवीएम के जरिये डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत प्रतिशत मिलान समेत अन्य कई मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था। इसके साथ ही कहा कि ईसीई का निर्देश है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी 45 सील कर सुरक्षित किया जाए।

### *भारत की राजकोषीय...*

बातचीत को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तब मैंने कहा था कि भारत बहुत जल्द विकास के पथ पर दौड़ेगा। आज भारत 8 प्रतिशत की गति से विकास कर रहा है। उसी के चलते आज हम विकसित भारत की ओर यात्रा पर चर्चा कर रहे हैं। यह बदलाव सिर्फ भावनाओं का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का है। आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि आज भारत, दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी आर्थिक ताकत है और वो दिन दूर नहीं जब भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। चुनाव के दौरान भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के अपने वादे को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जिस बिरादरी से आते हैं उसकी पहचान बन गई है कि चुनाव से पहले जो बातें करते हैं, वो चुनाव के बाद भुला देते हैं, लेकिन मैं उस बिरादरी में अपवाद हूं। इसलिए मैं आपको याद दिलाता हूं कि मैंने कहा था कि मेरे तीसरे टर्म में देश, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में, जब पिछली सरकार का आखिरी बजट आया था, वो 16 लाख करोड़ रुपए का था। आज हमारी सरकार में बजट तीन गुना बढ़कर 48 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय को संसाधन निवेश का सबसे बड़ा उत्पादक माध्यम कहा जाता है। 2004 में, यूपीए सरकार के पहले बजट में, पूंजीगत व्यय लगभग 90 हजार करोड़ रुपए था। 10 साल सरकार चलाने के बाद 2014 में यूपीए सरकार इसे बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपए तक ही पहुंचा पाई थी। आज, पूंजीगत व्यय 11 लाख करोड़ रुपए से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि हमने पिछली सरकार के 10 वर्षों की तुलना में रेलवे बजट में 8 गुना वृद्धि की है, राजमार्ग बजट में 8 गुना वृद्धि की है, कृषि बजट में 4 गुना से अधिक की वृद्धि की है तथा रक्षा बजट में दोगुने से अधिक की वृद्धि की है।

### *लोस में ध्वनिमत से ...*

लोकसभा में बजट पर 27 घंटे चर्चा हुई, जिसमें 125 सदस्यों ने भाग लिया। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का 5वां पूर्ण बजट पेश किया। सीतारमण ने लोकसभा में जम्मू-कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एक लाख 18 हजार 390 करोड़ रुपए का बजट किया। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह एक लाख 18 हजार 500 करोड़ रुपए था। इस वित्त वर्ष में इसमें 110 करोड़ रुपए की कमी आई है। सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट में किसी भी सेक्टर का बजट नहीं घटाया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 फीसदी और वित्त वर्ष 2025-26 तक 4.5 फीसदी से नीचे लाने का प्रस्ताव है। सीतारमण ने बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हमने इस वित्त वर्ष में जम्मू-कश्मीर के लिए केंद्रीय बजट में 17 हजार करोड़ रुपए की पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस की लागत के वित्तपोषण के लिए 12 हजार करोड़ रुपए शामिल हैं।

### *आयुष को मुख्यधारा में ...*

उत्तर में कहा कि आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी (आयुष) डॉक्टरों व पैरामेडिक्स को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत सहायता प्रदान की जाती है, बशर्ते कि वे मौजूदा जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ स्थित हों, तथा दूरदराज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने एनएचएम-एमआईएस के 31 दिसंबर 2023 तक के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि आयुष को मुख्यधारा में लाने का काम एनएचएम के अंतर्गत 13,222 आयुष सुविधाओं के माध्यम से किया गया है- इनमें 6,612 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 3,035 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 469 जिला अस्पताल, उप-केंद्र से ऊपर लेकिन ब्लॉक स्तर से नीचे की 2,916 स्वास्थ्य सुविधाएं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा ब्लॉक स्तर पर या उससे ऊपर लेकिन जिला स्तर से नीचे की 190 स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं। आयुष्मान भारत के तहत सरकार देशभर में उप स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों में बदलने के लिए राज्यों को सहयोग दे रही है, ताकि व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) का प्रावधान किया जा सके, जिसमें सामुदायिक स्तर पर निवारक स्वास्थ्य सेवा और स्वास्थ्य संवर्धन शामिल है, ताकि देखभाल के सतत दृष्टिकोण के साथ सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इनमें से कुछ सुविधाएं आयुष-एसएचसी या आयुष औषधालय हैं। आयुष दवा समुदाय स्तर पर प्राथमिक स्थितियों के प्रबंधन के लिए आशा दवा किट का भी एक हिस्सा है। इसके अलावा, अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट में स्थित उत्तर पूर्वी आयुर्वेद एवं लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की स्थापना लोक चिकित्सा पद्धतियों और लोक चिकित्सा को पुनर्जीवित करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

# सरकारी स्वास्थ्य जांच के लिए प्रस्तावित मूल्य वृद्धि को वापस ले सरकार : एजेपी

**गुवाहाटी।** असम जातीय परिषद (एजेपी) ने स्वास्थ्य विभाग के तहत चिकित्सा परीक्षाओं और अन्य शुल्कों में 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी के राज्य सरकार के कदम का कड़ा विरोध किया है। पार्टी के अध्यक्ष लुरिनज्योति गोगोई और महासचिव जगदीश भुइयां ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि निजी क्षेत्र के अस्पताल और दवा कंपनियां दवाओं और परीक्षणों की कीमतें बढ़ाने के लिए सरकार की उदासीनता का फायदा उठा रही हैं - सरकारी अस्पताल निर्भरता की जगह हैं इसलिए, बीमारी को फैलने से रोकने के लिए उपाय करना जरूरी है। इसलिए, बीमारी को फैलने से रोकने के लिए उपाय करना जरूरी है इस बीच, आवश्यक वस्तुओं की लगातार मूल्य वृद्धि ने लोगों की कमर तोड़ दी है ऐसे में सरकारी अस्पतालों में मेडिकल जांच आदि की कीमतें बढ़ने से गरीब लोगों के लिए यह भी असहनीय हो जाएगा। ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से आपको ये उत्पाद नहीं खरीदने चाहिए। ये कारण हैं कि आपको ये उत्पाद क्यों नहीं खरीदने चाहिए। ये कारण हैं कि आपको ये उत्पाद क्यों नहीं खरीदने चाहिए उत्पादों इस अवधि के दौरान उन्होंने राज्य के अघोषित मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है और अब वह खुद मुख्यमंत्री हैं लेकिन इसके बावजूद वह राज्य स्वास्थ्य विभाग की गुणवत्ता में सुधार नहीं कर सके ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से आपको आज सरकारी अस्पतालों में नहीं जाना चाहिए। ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से आपको आज सरकारी अस्पतालों में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र की खराब स्थिति को देखते हुए सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह से मुफ्त कर देना चाहिए था।

तापमान

अधिकतम 34⁰ न्यूनतम 26⁰

## रंगिया सिविल अस्पताल को पूर्णांग रूप देने के उद्देश्य से प्रांगण का निरीक्षण

**रंगिया ( निसं )।** वृहत्तर रंगिया क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य सेवा के प्रति ध्यान रखते हुए तथा रंगिया महकमा सिविल अस्पताल को पूर्णांग रूप देने के उद्देश्य से और अस्पताल प्रांगण में निर्माण होने वाले ब्लड बैंक की स्थापना को देखते हुए रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता ने सोमवार को अस्पताल प्रांगण का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ स्वास्थ्य विभाग के विभागीय प्राधिकारी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के सहायक कार्यकारी अभियंता शशांक शर्मा, डॉ. पद्मेश्वर कलिता सहित स्वास्थ्य कर्मी टिकेंद्रजीत डेका, गौतम कलिता और अमूल्य वैश्य भी उपस्थित रहे।

# 400 से अधिक बीपीएफ नेता भाजपा में हुए शामिल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** 400 से अधिक बीपीएफ नेता तथा कार्यकर्ता मंगलवार को प्रदेश भाजपा में शामिल हुए। भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में एक भव्य योगदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता, असम के मंत्री जयंत मल्लबरुवा, पीयूष हजारिका, विधायक रूपक शर्मा, मानव डेका, सुशांत बुढ़ागोहाई आदि नेताओं के मौजूदगी में भाजपा के आदर्शों से प्रेरित होकर यह नेता पार्टी में शामिल हुए। आज शामिल होने वालों में एमसीएलए और बीपीएफ के पूर्व नेता सुरेश तांती, बीपीएफ के भेरगांव संगठनात्मक जिले के पूर्व महासचिव विनय नाथ, लखीराम बोड़ो, पूनम राभा, नेल्सन ब्रह्म, बृदाओ ब्रह्म सहित 400 से



अधिक बीपीएफ नेता और कार्यकर्ता औपचारिक रूप से आज भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी में नए लोगों का भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने स्थापना काल से ही राष्ट्र निर्माण के हित में काम कर रही है। पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के लोगों ने अभूतपूर्व विकास देखा है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत आज दुनिया में महाशक्ति बन गया है। इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम भी देश के शीर्ष पांच शीर्ष पांच राज्यों में शामिल होने के कगार पर है। कालिता ने यह भी कहा कि आज के नेताओं के शामिल होने से बीटीसी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक आधार और मजबूत हुआ है। आज के समारोह में तामुलपुर जिला अध्यक्ष विक्टर दास, कोकराझाड़ जिला अध्यक्ष कविता बसुमतारी, मीडिया पैनलिस्ट बिजत गौड़ा नार्जारी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## भाजपा कार्यालय में राज्यपाल रमेन डेका के सम्मान में समारोह आयोजित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता ने पूर्व सांसद तथा वरिष्ठ भाजपा नेता रमेन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है। गुवाहाटी के अटल बिहारी वाजपेयी भवन में मंगलवार को प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित एवं प्रदेश महासचिव दिप्लू रंजन शर्मा द्वारा संचालित अभिनंदन समारोह में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता ने कहा कि रमेन डेका ने पांच दशकों से अधिक समय तक पार्टी को मजबूत करने के लिए अत्यंत समर्पण के साथ काम किया है। युवा कार्यकर्ताओं को अनुभवी नेता से बहुत कुछ सीखना है। कलिता ने कहा कि रमेन डेका युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ नेता डेका ने कहा कि वह आज जो कुछ भी हैं, वह भाजपा की वजह से हैं। वह पार्टी द्वारा उन्हें सौंपी गई विभिन्न जिम्मेदारियों को जरिये ईमानदारी और समर्पण के साथ सेवा कर रहे हैं।

# गांजे के साथ दो गिरफ्तार



**रंगिया ( निसं )।** रंगिया के मोरानजना स्थित सशस्त्र सीमा बल की 24वीं वाहिनीं की गुवाबाड़ी, समवाय द्वारा सोमवार को स्थानीय पुलिस चौकी नागरीजुली के साथ एक संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गांव-बोगरीखुटी के समीप 7.904 किलोग्राम गांजे के साथ दो तस्करो को गिरफ्तार किया गया। जिनका नाम कुमुद बोड़ो (उम्र 28 वर्ष) निवासी ग्राम-1001 बालाहाती, गोरेश्वर, पोस्ट ऑफिस- गुरमोउ, थाना-गोरेश्वर, जिला-तामुलपुर (असम) तथा काजल रॉय (उम्र 39 वर्ष ) निवासी ग्राम- बोगरीखुटी-01, पोस्ट ऑफिस- डंगरगांव, थाना+जिला-तामुलपुर (असम) है। वहीं गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के पास से एक मारुती सुजुकी गाड़ी सहित मोबाइल फोन- 02 भी जब्त किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को जब्त किए गए सामान के साथ पुलिस चौकी नागरीजुली, थाना तामुलपुर को सपुर्द कर दिया गया।

# डूरंड कप के 133वें संस्करण के कोकराझाड़ चैप्टर का शानदार उद्घाटन





**कोकराझारड़।** शांति के शहर कोकराझार के उत्साही फुटबॉल प्रेमियों को डूरंड कप के 133वें संस्करण के शानदार उद्घाटन समारोह का आनंद मिला, जिसमें मिजोरम सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग के माननीय राज्य मंत्री श्री लालनघिंगलोवा, भूटान के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लोटे शेरिंग, माननीय सीईएम बीटीसी श्री प्रमोद बोरो, एयर मार्शल एसपी धारकर, एओसी-इन-सी, पूर्वी वायु कमान, लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी, जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान और कई अन्य नागरिक और सैन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में राज्य भर से 10,000 फुटबॉल प्रेमी साई स्टेडियम में उमड़े। भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों द्वारा हेलीकॉप्टर फ्लाईपास्ट, पैराशूट जंप और पैरामोटर प्रदर्शन जैसी रोमांचक हवाई गतिविधियों ने इस अवसर को सैन्य रंग दिया। बोडो सांस्कृतिक मंडली के साथ मिलकर सशस्त्र बलों के चेंडा ड्रमर्स, छऊ नर्तकियों और भांगड़ा कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन ने उद्घाटन समारोह में रंग और उत्सव ला दिया। श्री प्रमोद बोरो, माननीय सीईएम, बीटीआर ने भीड़ को संबोधित किया और शानदार प्रदर्शन के लिए और लगातार दूसरे साल कोकराझार शहर में डूरंड कप वापस लाने के लिए सशस्त्र बलों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और क्षेत्र में खेल और रोमांच की भावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक महान मंच प्रदान करने में इस आयोजन के महत्व को स्वीकार किया। मिजोरम सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग के माननीय राज्य मंत्री श्री लांगहिंगलोवा ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया और क्षेत्र की समृद्ध खेल संस्कृति के बारे में विस्तार से बात की तथा भाग लेने वाली सभी टीमों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना की भूमिका और युवा सशक्तिकरण के साधन के रूप में खेलों पर भी प्रकाश डाला। उद्घाटन मैच स्थानीय पसंदीदा बोडोलैंड एफसी और नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी के बीच एक रोमांचक मुकाबला साबित हुआ, जिसमें नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी ने दो गोल के स्कोर के साथ जीत हासिल की। बोडोलैंड एफसी द्वारा कोई गोल नहीं किया गया। कौशल, सहनशक्ति और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए जितिन और अंकित ने नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की ओर से एक-एक गोल किया। 03 अगस्त 24 को ओडिशा एफसी इसी स्टेडियम में बीएसएफ एफटी से खेलेगा।

# कछार में तीन शातिर चोर गिरफ्तार



**कछार ( हिंस )।** कछार पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को उदारबंद थाना में चोरी के मामले दर्ज किए गए। पूछताछ में पता चला कि जेसी गर्ल्स कॉलेज रोड के पास दो घरों में चोरी और दो घरों में चोरी की कोशिश की गई। इस संबंध में शाम को एक विशेष अभियान चलाया गया और अलग-अलग स्थानों से तीन मुख्य आरोपितों और पेशेवर चोरों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान सद्दाम हुसैन लस्कर (28), बाबू उद्दीन लस्कर (32) और राज डे (25) के रूप में हुई है। उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन, 31 गोल्ड फ्लेक सिगरेट के पैकेट और एक बकरा बरामद किया गया।

## दिलीप सैकिया लोस में भाजपा के सचेतक नियुक्त

**दरंग ( हिंस )।** दरंग-उदालगुड़ी से लोकसभा सांसद दिलीप सैकिया को भाजपा का सचेतक नियुक्त किया गया है। पार्टी ने लोकसभा में एक मुख्य सचेतक और 16 व्हिप नियुक्त किए हैं। लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा गया है कि डॉ. संजय जायसवाल लोकसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक होंगे। उनके अलावा दिलीप सैकिया, गोपालजी ठाकुर, संतोष पांडे, कमलजीत शेरावत, डीएल पटेल, डी चौहान, जुगल किशोर शर्मा, केएस पुजारी, सुधीर गुप्ता, स्मृति उदय वाघ, अनंत नायक, दामोदर अग्रवाल, केरी रेड्डी, छत्तीसगढ़ कुमार गौतम, शशांक मणि और खगेन मुर्मू को सचेतक नियुक्त किया गया है।

# बच्चों के लिए लायंस उमंग का नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर

**गुवाहाटी।** लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी उमंग की ओर से दो दिवसीय नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन राजगढ़ स्थित आइकॉन इंग्लिश स्कूल परिसर में किया गया। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी सुनीता पारीक ने बताया कि अध्यक्ष पायल चड्ढा के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के 138 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला पाल द्वितीय मनोज भजन का एलसीआईएफ समन्वयक रितु बंका सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। अध्यक्ष पायल चड्ढा ने सभी का स्वागत किया। पहले दिन निशा अग्रवाल द्वारा सेफ एंड अनसेफ टच, दिव्या सिवोटिया द्वारा स्टोरी टेलिंग व गेम्स, मुहत्सिम अहमद द्वारा आत्म रक्षा तथा वृंदा व्यास व रश्मि शर्मा द्वारा जुंबा व रील का प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिन सोमी अग्रवाल द्वारा आर्ट व क्राफ्ट सेजल व तूलिका द्वारा गार्डनिंग के अलावा डांस, योगा आदि का प्रशिक्षण दिया गया। क्लब की सचिव स्वाति चौधरी ने बताया



कि इस दौरान बच्चों के बीच जूस व खाद सामग्री सहित चॉकलेट, आइसक्रीम, बिस्किट साहित पठन पाठन की सामग्री का भी वितरण किया गया। कोषाध्यक्ष बबीता मोर ने बताया कि कार्यक्रम संयोजिका दिव्य सिवोटिया की देखरेख में आयोजित शिविर को सफल बनाने में क्लब की सभी सदस्याओ का भरपूर सहयोग रहा।

# मेघालय शिक्षा समिति का नौ दिवसीय प्रांत स्तरीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**गुवाहाटी।** विद्या भारती से संबद्ध मेघालय शिक्षा समिति द्वारा 9 दिवसीय प्रांत स्तरीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन श्री कांची कामकोटि विद्या भारती विद्यालय, शिलांग में किया गया। इस पूर्ण आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में औपचारिक विद्यालयों के 26 और एकल विद्यालयों के 8 आचार्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान की निदेशक, डॉ. नीता महेस्कर द्वारा किया गया। विभिन्न विषयों पर 25 से अधिक विशेषज्ञों द्वारा सत्र आयोजित किए गए, जिसमें शिक्षण तकनीक, बाल मनोविज्ञान, एनईपी 2020 का कार्यान्वयन, विद्या भारती और भारतीय शिक्षा के दार्शनिक आधार शामिल थे। प्रतिभागियों ने बी.के. बजोरिया स्कूल और भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), शिलांग का भ्रमण किया। प्रशिक्षण के दौरान वंदना, योग, और शारीरिक अभ्यास का भी आयोजन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय मेघालय के कुलपति प्रो. इंद्रजीत दुबे और मेघालय राज्य के आयुक्त सचिव बीडीआर तिवारी सहित विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं मेघालय शिक्षा समिति के संरक्षक बिमल बजाज एवं समिति के अध्यक्ष रिनोहमो सुन्गोह उपस्थित थे।

# शिवनगरी रंगबंग में *अपना मंच* ने की जल सेवा

**होजाई ( निसं )।** नगांव व होजाई की सीमावर्ती राष्ट्रीय राजमार्ग के पास स्थित रेंगबेंग का अपने आप में स्थान है यहां एक साथ कई शिव मंदिर है जहां हजारों की तादाद में शिव भक्त पूजा अर्चना कर अपने को धन्य समझते हैं। सावन महीने में यहां का महत्व ज्यादा बढ़ जाता है। इस कड़कड़ाती गर्मी के बीच रविवार सांय को *अपना मंच* के सदस्यों का एक दल ने उक्त स्थान पर जाकर इस विशाल कार्यक्रम में नियुक्त सभी सुरक्षा कर्मियों व भक्तों के बीच जल सेवा की। उक्त संवाददाता से बात करते हुए भक्तों ने इस सेवा की जमकर प्रशंसा की। गौरतलब है, स्वर्गीय रमेश बेरीवाल की स्मृति उक्त जल सेवा आयोजित की गई। वहीं अपना मंच के वरिष्ठ सदस्य शिवशंकर बोड़ा ने बताया की



अपना मंच की स्थापना काल से ही हम विभिन्न तरह के सामाजिक कार्यक्रम हाथ में ले रहे हैं जिसमें वृक्षा रोपण, जल सेवा, मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, हिंदी दिवस का आयोजन, सफाई अभियान, बौद्धिक विकास प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम आयोजित करते हैं। उन्होंने कहा की सावन महीने के दूसरे सोमवार की पहली संध्या को भगवान भोलेनाथ की कृपा से हमने जल सेवा का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सुरक्षा कर्मियों ने हमें बहुत सहयोग दिया। उल्लेखयोग्य है कि इस दौरान कई भक्तों द्वारा खिचड़ी, खीर, शरबत आदि की सेवा दे रहे थे।

# रंगिया : संगीत ग्रुप ऑफ क्रिएशन अभिनय कार्यशाला का समापन

**रंगिया ( विभास )।** संगीत ग्रुप ऑफ क्रिएशन द्वारा 21 जुलाई से 29 जुलाई तक रंगिया के आईटीआई में आयोजित अभिनय कार्यशाला का सोमवार को सफल समापन किया गया। प्रमुख अभिनेता एवं निर्देशक पंकज पल्लव शर्मा के संचालन में आयोजित इस कार्यशाला में छोटे छोटे बच्चों के साथ युवक युवतियों को अभिनय का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सोमवार को आईआईटी रंगिया के ऑडिटोरियम हॉल में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रमुख लेखिका और कवि रक्तिमा बरुआ डेका ने दीप प्रज्ज्वलन और प्रमुख फिल्म निर्माता अजीत बर्मन द्वारा समापन कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यशाला में रंगिया के विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिन्होंने कहा कि कार्यशालाएं बच्चों के बौद्धिक




विकास में सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि कलाकार पंकज पल्लव शर्मा बच्चों को केवल अभिनय की ही नहीं, अभिनय के साथ-साथ नैतिकता का ज्ञान भी सिखाने में सफल रहे हैं, जोकि अति प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि पूर्व छात्र नेता धर्मेश्वर दास पिछले 24 वर्षों से अभिनय सिखा रहे हैं। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष निपन भुइयां, अनुराधा डांस अकादमी की अध्यक्षा जोन जोनाली डेका, असम लेखिका समारोह समाज की सबिता बर्मन, मामोनी लहकर, पापोरी कलिता, सुनुमा वैश्य, रीता पासनी, सांस्कृतिक कर्मी गिरींद्र दास, कुशल बर्मन, हास्य कलाकार हरीश तालुकदार, पूर्व छात्र नेता कुशल कलिता शामिल थे। कार्यक्रम में शिक्षक अच्युत शर्मा, किशोर शर्मा, कवि जयंत कुमार शर्मा, पत्रकार भास्कर कलिता, खैरुल इस्लाम, जीतुमनी शर्मा, ध्रुव डेका, प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता दीपांजलि शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों ने पंकज पल्लव शर्मा द्वारा लिखित एवं निर्देशित तीन नाटकों का मंचन किया। समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# महिलाओं की मासिक धर्म पर जागरूकता बैठक आयोजित

**विश्वनाथ ( विभास )।** दिल्ली में स्थापित एन जीओ शाइनिंग सोल्स (ट्रस्ट) ने बिहाली ब्लॉक के अंतर्गत कठनी बारी प्राथमिक विद्यालय में रविवार को महिलाओं की मासिक धर्म संबंधी समस्याओं पर एक जागरूकता बैठक आयोजित की। डॉ. सुशांत खारघरिया ने महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और उस दौरान किशोरों को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों पर चर्चा की। साथ ही ए एन एम नर्स और आशा ने सेनेटरी पैड के बारे में बताया और इसका उपयोग करने का तरीका बताया। बैठक में मोनाबारी संसाधन केंद्र के सी आर सी वहीद अहमद और लगभग




150 लड़कियां और महिलाएं शामिल हुईं। शाइनिंग सोल्स ट्रस्ट परियोजना समन्वयक मयूरी देवी दास ने क्षेत्र में इस जागरूकता बैठक के आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। शाइनिंग सोल्स ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी बकुल खौंड, जोनाली ठाकुर और प्रियंका राजखोवा उपस्थित थे। काठनी बारी गांव के उभरते युवा अजय सहनी एवं गांव के किशोरों के सहयोग से बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अंत में शाइनिंग सोल्स (ट्रस्ट) ने उपस्थित किशोरियों को एक-एक सेनेटरी पैड नि:शुल्क प्रदान किया।

*No. KED/NIT-66/2023-24/1596* *Date, Kokrajhar the 29th July/2024*

**DETAILS TENDER NOTICE**

Sealed tender in prescribed form affixing non-refundable court fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight & paise twenty five) only subsequently to be drawn up in printed "F-2" form with validity period of "90 (Ninety)" days from the date of receipt of tenders are invited from the Registered Class-I (A B, C) & Class-II P.W.D. Electrical Contractor under P.W.D, Guwahati Electrical Circle, Guwahati-I and the Registered Class-III P.W.D. Kokrajhar Electrical Division of 2023-24 and having valid Electrical Contractor licence for the following electrical works and will be received in the Office of the undersigned up to 2.00 P.M of 03/08/2024 and will be opened at 3.00 P.M. of the same date. The Contractors or their authorized agents may be present at the time of opening tender.

| Sl. No. | Name of Work | Approx Estimated Value | Time of Completion | **Earnest** Money |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Replacement / Re-laying of damaged underground cable from main power distribution panel to 60 KVA UPS Room of server at CIT, Kokrajhar. | Rs. 7,75,492.00 | 90 (Ninety) Days | General 2% (Two) P.C. of Fender value (1%oftender value in case of OBC/SC/ST) |

Tender forms can be had from the Office of the undersigned and Executive Engineer, P.W.D., Kokrajhar Electrical Division, Kokrajhar during working hours and up to 2.00 P.M. 02/08/2024 on application mentioned registration No. etc. on payment of Rs. 300.00 (Rupees Three hundred) only per set by Indian crossed postal order payable to the Executive Engineer, P.W.D. Kokrajhar Electrical Division. Kokrajhar.

Sd/-
Executive Engineer, P.W.D.,
Kokrajhar Electrical Division, Kokrajhar

*IPR(BTC)/C/2024-25/193*

संपादकीय

# खनिजों पर कर लगाने का विधायकी अधिकार

**विधायकी** अधिकार सुप्रीम कोर्ट ने खनिज अधिकारों से जुड़े 35 सालों के विवाद को खत्म करते हुए ऐतिहासिक पैसले में कहा कि खनिजों पर देय रॉयल्टी कोईं कर नहीं है। संविधान के तहत राज्यों के पास खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायकी अधिकार है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाईं चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से यह पैसला सुनाया। इससे झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों को राहत मिलेगी। इन राज्यों ने वेंद्र की ओर से खदानों और खनिजों पर अब तक लगाए गए हजारों करोड़ रुपए के करों की वसूली पर कोर्ट से पैसला करने का आग्राह किया था। वेंद्रीय संविधान पीठ ने माना कि राज्यों को खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार है और खान व खनिज (विकास व विनियमन) अधिनियम, 1957 राज्यों को ऐसी शक्ति को सीमित नहीं करता। सीजेआईं के अलावा जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस अभय एस. ओका, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस उज्जल भुइयां, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने बहुमत का पैसला दिया वहीं, जस्टिस बीवी नागरत्ना ने अपने पैसले में कहा कि रॉयल्टी कर या वसूली की प्रावृत्ति वाली होती है और केन्द्र के पास इसे लगाने का अधिकार है। केन्द्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे को लेकर कईं बार विवाद हो चुका है। केन्द्रीय कर प्राणाली जीएसटी लागू होने के बाद भी वुछ चीजों पर करों और उपकरों के बंटवारे को लेकर सवाल उठते रहे हैं। खनिजों के स्वामित्व का प्राश्न भी उनमें से एक है। वेंद्र सरकार ने खनिजों पर कर और उपकर लगाना शुरू किया तो वुछ वंपनियों और राज्य सरकारों ने इन पर सवाल उठाए। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने अब स्पष्ट कर दिया है कि खनिजों पर राज्य सरकारों का हक होता है। वे उनका पट्टा देने के लिए स्वतंत्र हैं। इसके लिए किए गए करार के एवज में वे जो शुल्क प्राप्त करती है, उसे कर नहीं कहा जा सकता। वह रॉयल्टी की श्रेणी में आती है। रॉयल्टी को कर नहीं कहा जा सकता। इस पैसले से खासकर ओडिशा और झारखंड को बड़ी राहत मिली है। दरअसल यह मामला इसलिए उलझा हुआ था कि संविधान में वेंद्र को खदानों के आवंटन से संबंधित सीमाएं तय करने का अधिकार केन्द्र सरकार को दिया गया है। मगर जमीन, भवन आदि पर शुल्क लगाने का अधिकार राज्य सरकारों को है। इसलिए केन्द्र सरकार खनिजों पर कर लगाने लगी थी। अब सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि खनिज राज्य सरकार की संपदा है। इसलिए वह उसके पट्टे की कीमत तय कर सकती है। अगर खनिजों पर भी केन्द्र सरकार कर वसूलने लगेगी तो राज्यों को अपनी विकास योजनाओं के लिए धन जुटाना मुश्किल हो जाएगा। राज्य सरकारें सभी व्ययों तथा कर निर्धारण की जिम्मेदारी निभाती हैं। राज्यों और केन्द्र के दरम्यान कईं बार खींचतान की स्थिति उत्पन्न होती है। खासकर जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकार होती है। उन्हें केन्द्र की नीतियों या आर्थिक मदद को लेकर सहयोगपूर्ण रवैये न रखने जैसी शिकायतें आम हैं। ओडिशा और झारखंड प्रामुख खनिज उत्पादक राज्य हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं रही। इसलिए अदालत का यह पैसला उनके विकास में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

> संविधान के तहत राज्यों के पास खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायकी अधिकार है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाईं चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने 8 :1 के बहुमत से यह पैसला सुनाया। इससे झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों को राहत मिलेगी। इन राज्यों ने वेंद्र की ओर से खदानों और खनिजों पर अब तक लगाए गए हजारों करोड़ रुपए के करों की वसूली पर कोर्ट से पैसला करने का आग्राह किया था। वेंद्रीय संविधान पीठ ने माना कि राज्यों को खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार है और खान व खनिज ( विकास व विनियमन) अधिनियम, 1957 राज्यों को ऐसी शक्ति को सीमित नहीं करता। सीजेआईं के अलावा जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस अभय एस. ओका, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस उज्जल भुइयां, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने बहुमत का पैसला दिया वहीं, जस्टिस बीवी नागरत्ना ने अपने पैसले में कहा कि रॉयल्टी कर या वसूली की प्रावृत्ति वाली होती है और केन्द्र के पास इसे लगाने का अधिकार है। केन्द्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे को लेकर कईं बार विवाद हो चुका है।

हादसे के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है, छात्र सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं

# सुनहरे कल को निगल गई भ्रष्ट व्यवस्था

डॉ. आशीष वशिष्ठ

> जो युवा आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने संजोकर अपना घर बाहर, सुख सुविधा छोड़कर दिल्ली परीक्षा की तैयारी के लिए गये थे, वो मुनाफाखोर कोचिंग संचालक की धूर्तता, सरकारी अमले की अकर्मण्यता और लापरवाही के चलते अपनी अमूल्य जिंदगी गंवा बैठे। सोचिये उनके परिवारों पर क्या बीत रही होगी। इस व्यवस्था के व्यवस्थापक इतने गैर जिम्मेदार और लज्जाहीन हैं कि उनकी नजर में किसी की जान की कोई कीमत ही नहीं है। ये हालात राष्ट्रीय राजधानी के पॉश इलाकों में संचालित कोचिंग सेंटर के हैं, दूसरे शहरों और कस्बों की बात ही क्या की जाए।

**दिल्ली** की प्रतिष्ठित राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से देश की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। ओल्ड राजेंद्र नगर की इस दर्दनाक हादसे ने देशवासियों को झकझोर दिया। जो युवा आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने संजोकर अपना घर बाहर, सुख सुविधा छोड़कर दिल्ली परीक्षा की तैयारी के लिए गये थे, वो मुनाफाखोर कोचिंग संचालक की धूर्तता, सरकारी अमले की अकर्मण्यता और लापरवाही के चलते अपनी अमूल्य जिंदगी गंवा बैठे। सोचिये उनके परिवारों पर क्या बीत रही होगी। इस व्यवस्था के व्यवस्थापक इतने गैर जिम्मेदार और लज्जाहीन हैं कि उनकी नजर में किसी की जान की कोई कीमत ही नहीं है। ये हालात राष्ट्रीय राजधानी के पॉश इलाकों में संचालित कोचिंग सेंटर के हैं, दूसरे शहरों और कस्बों की बात ही क्या की जाए। इस साल जलभराव की वजह से दिल्ली की ये पहली घटना नहीं है। इससे पहले 22 जुलाई को यूपीएससी की तैयारी करने वाले एक छात्र की मौत करंट लगने से हो गई। असल में दो चार दिन के शोर गुल और कार्रवाई की नौटंकी के बाद व्यवस्था फिर से पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है। सौ प्रतिशत दावे के साथ कहा जा सकता है कि, राव कोचिंग सेंटर मामले में भी कार्रवाई और सख्ती की पुरानी स्क्रिप्ट दोहराई जाएगी।

हादसे के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। छात्र सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। छात्र व्यवस्थागत खामियों को गिना रहे हैं। छात्र नारेबाजी कर रहे हैं 'छात्रों की हत्या बंद करो'... इस मामले में दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ये हादसा सरकार और कोचिंग संचालकों पर गंभीर सवालों के कटघरे में खड़े करता है। ये कोई पहला ऐसा हादसा नहीं है जब दिल्ली के कोचिंग सेंटरों में छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ हुआ है। 15 जून 2023 को दिल्ली में कोचिंग सेंटरों के हब मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से 61 लोग घायल हो गए। जांच में पता चला कि आग बिजली के मीटर में लगी थी, जो देखते-देखते पूरी बिल्डिंग में फैल गई। हादसे के वक्त कोचिंग सेंटरों में करीब 200-250 छात्र मौजूद थे। छात्रों ने आग से बचने के लिए खिड़कियां तोड़ीं, रस्सियों के सहारे नीचे उतरे और सीढ़ियों का सहारा लिया। कुछ छात्रों ने बचने के लिए तीसरी मंजिल से छलांग तक लगा दी।




इसके अलावा 25 जनवरी 2020 को दिल्ली के भजनपुरा इलाके में कोचिंग सेंटर की दो छतें गिर गईं। इस हादसे में चार छात्रों समेत 5 लोगों की मौत हो गई वहीं 13 लोग घायल हो गए। दिल्ली हो या फिर कोई दूसरा शहर कमोबेश सरकारी अमले की कार्यप्रणाली एक समान ही होती है। हादसे के बाद प्रशासनिक अमला गहरी नींद से ऐसे जागता है मानो उन्हें इस बात का इल्म ही न हो कि उनके क्षेत्र या शहर में क्या अनियमितता हो रही हैं। जब कोई दुर्घटना घटती तब पता चलता है कि व्यवस्था में कितनी खामियां और छेद हैं। और इन खामियों और छेदों से छनकर आने वाला लाभ नीचे से ऊपर तक बंटता है। पूर्व की घटनाओं पर गौर किया जाए तो अधिकतर मामलों में दोषी साफ तौर पर बच जाते हैं, या मामूली सजा पाते हैं। हादसा की जिम्मेदारी तो संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की भी होती है, लेकिन ऐसे मामलों में वो अपना पल्ला झाड़कर किनारे खड़े हो जाते हैं।

बीती 14 अप्रैल 2024 को राजस्थान की कोचिंग नगरी कोटा के एक हॉस्टल में आग लगने से 8 स्टूडेंट्स झुलस गए। घटना के वक्त हॉस्टल में 60 से ज्यादा छात्र मौजूद थें आग लगने के बाद हॉस्टल में भगदड़ मच गई इस बीच एक छात्र ने अपनी जान बचाने के लिए चौथी मंजिल से छलांग लगा दी।जांच में हॉस्टल मालिक की बड़ी लापरवाही सामने आई। हॉस्टल मालिक ने अंदर ही बिजली का एक बड़ा ट्रांसफार्मर लगवाया हुआ था जिसमें शॉर्ट सर्किट होने से यह हादसा हुआ।

लखनऊ के पॉश इलाके हजरतगंज में नवल किशोर रोड पर तीन मंजिला स्कॉलर्स फोरम टॉवर है। इसके पहले तल पर स्कॉलर्स फोरम कोचिंग चलता है। यहां छात्र-छात्राएं आईआईटी और नीट की तैयारी के लिए पढ़ाई करते हैं. दूसरी और तीसरी मंजिल पर हॉस्टल हैं। दूसरी मंजिल के हॉस्टल में 14 कमरों में कुल 28 छात्राएं रह रहीं हैं। 2 जून 2024 की शाम को छात्राएं अपने कमरे में थी। शाम करीब छह बजे तीसरी मंजिल के कमरा नंबर दो की एसी में शॉर्ट सर्किट से धमाका हो गया। इसके बाद तीन मंजिला हॉस्टल में आग लग गई। सभी कमरों में धुआं फैल गया। करीब 28 छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। एक कमरे का शीशा तोड़कर हॉस्टल कर्मियों ने छात्राओं को बाहर निकाला. जानकारी मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

24 मई 2024 को गुजरात के सूरत के तक्षशिला कॉम्प्लेक्स में चल रही एक कोचिंग में भीषण आग लगने से 23 छात्रों की मौत हो गई। आग बिल्डिंग में आने जाने के लिए बनाई गई सीढ़ियों के पास रखे ट्रांसफॉर्मर में लगी थी। जैसे ही आग लगी अंदर मौजूद छात्र उतरने के लिये नीचे पहुंचे। लेकिन आग की वजह से वह लौटकर चौथी मंजिल पर चले गए, जहां एक फाइबर का शेड था और अंदर जिम के लिए रखी गई रबर की चटाई और टायर के कारण आग ज्यादा फैली, जिससे बच्चे आग की चपेट में आ गई। घटना से हिली सरकार ने पूरे राज्य में वाणिज्यिक भवनों में चलने वाले कोचिंग सेंटरों को बंद करने का आदेश दिया।

31 मई 2024 हरियाणा के पंचकूला के सेक्टर 16 के एससीओ नंबर 195 की प्रथम मंजिल पर बिजली के मीटर बोर्ड में दोपहर लगभग 12 बजे अचानक आग लग गई। आग के कारण काफी धुंआ हो गया और इससे दूसरी मंजिल पर बने हारट्रोन इंस्टीट्यूट में धुआं फैल गया। जिस समय हादसा हुआ, तो हारट्रोन इंस्टीट्यूट में लगभग 25 से 30 विद्यार्थी कंप्यूटर की ट्रेनिंग करने के लिए आए थे। धुंआ फैलने के कारण विद्यार्थियों को सांस लेने में भी समस्या होने लगी। इसके बाद स्थानीय दुकानदार ने दमकल विभाग को सूचित किया, जिसके बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने लोगों की मदद से दूसरी मंजिल पर पहुंचने के लिए लकड़ी की सीढ़ी लगाई और ऊपर जाकर फंसे हुए विद्यार्थियों को बाहर निकालने के लिए प्रयास शुरू किए।

दृष्टि कोण

# ठोस कचरे के समाधान को मिले प्राथमिकता

**भारत** की अर्थव्यवस्था जिस तेजी से बढ़ रही है, शहरीकरण भी उसी तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय गांव भी विकसित कस्बों का रूप ले रहे हैं। लोगों के उपभोग का पैटर्न भी बदलता जा रहा है, जिसका नतीजा यह है कि ठोस अपशिष्ट भी अधिक मात्रा में उत्पन्न हो रहा है। अगर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की ओर समय पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह समस्या गंभीर रूप धारण कर लेगी। इसलिए सभी हितधारकों को आने वाली पीढियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ प्राकृतिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आगे आना होगा। भारत में विश्व की लगभग 18 प्रतिशत जनसंख्या है और यह वैश्विक नगरपालिका अपशिष्ट का 12 प्रतिशत हिस्सा उत्पन्न कर शीर्ष 10 देशों में है। प्रतिदिन 621000 टन कचरा पैदा करके अमरीका सबसे आगे है। शीर्ष 10 कचरा पैदा करने वाले देशों में चार विकासशील देश हैं- ब्राजील, चीन, भारत और मैक्सिको। इसका मुख्य कारण शहरी आबादी का बढ़ता आकार है। शहरवासी उच्च उपभोग वाली जीवन शैली अपना रहे हैं। कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में जर्मनी, दक्षिण कोरिया और स्वीडन ने मिसाल कायम की है। दि एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत प्रति वर्ष 62 मिलियन टन कचरा उत्पन्न करता है। इसमें 43 मिलियन टन (70 प्रतिशत) एकत्रित किया जाता है जिसमें से 12 मिलियन टन का ही सही ढंग से निपटान होता है और 31 मिलियन टन को लैंडफिल साइट पर डाल दिया जाता है। उपभोग के बदलते पैटर्न, जनसंख्या का बढ़ता आकार और तेजी से बढ़ते आर्थिक विकास के साथ अनुमान है कि 2030 तक शहरी ठोस अपशिष्ट की मात्रा बढक़र 165 मिलियन टन प्रति वर्ष हो जाएगी। अगर इस ओर समय पर ध्यान नहीं दिया गया तो भारत को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। भारत को पश्चिमी देशों से सीख लेकर 'वेस्ट से कमाई' की तरफ जाना चाहिए। इस क्षेत्र में रोजगार की भी काफी संभावनाएं हैं। भारत और जर्मनी के बीच जल और अपशिष्ट प्रबंधन पर द्विपक्षीय समझौता 2019 में हुआ। दोनों पक्षों ने समुद्री कूड़े, अपशिष्ट से ऊर्जा (भष्मीकरण), जैव मिथेन, कचरा ढलाव, जल गुणवत्ता प्रबंधन, स्थानीय निकायों को प्रशिक्षण आदि को हाथ बढ़ाया है, जो निश्चित तौर पर कचरा प्रबंधन में बहुत सहायक होगा और यह आवश्यक भी है। अब समय आ गया है कि भारत को इस समझौते का भरपूर फायदा उठाना चाहिए क्योंकि जर्मनी कचरा प्रबंधन में विश्व में पहले पायदान पर है। इससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे, संसाधन संरक्षण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा, पर्यावरण भी शुद्ध होगा तथा अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी तथा खाद, बायोगैस तथा बिजली उत्पादन में सहायता मिलेगी। भारत को स्वीडन की रीसाइकलिंग प्रणाली का भी अध्ययन करना चाहिए जो इतनी कुशल है कि उस देश में कचरा लगभग समाप्त हो गया है। वह अपनी आधी बिजली नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करता है। स्वीडन के लोग प्रकृति के बीच रहना चाहते हैं और जानते हैं कि प्रकृति और पर्यावरण के मुद्दों पर क्या करना चाहिए। इन लोगों को जागरूक करने के लिए लंबा समय लगा, कि चीजों को बाहर न फेंकें ताकि उन्हें रीसाइकिल और पुनः उपयोग किया जा सके। कॉलोनियों में स्वचालित वैक्यूम सिस्टम हैं जो संग्रह/परिवहन की आवश्यकता समाप्त करते हैं। स्वीडन में भूमिगत कंटेनर सिस्टम का भी उपयोग किया जाता है। ये सडक़ों पर कई जगह उपलब्ध होते हैं और दुर्गंध से बचा जा सकता है। यहां जो मिशन है, लोगों को कचरे के रीसाइकलिंग के लिए भेजने से रोकना है। भारत में इंदौर को सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है, जबकि सूरत और नवी मुंबई ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। परंतु भारत के अन्य शहरों जैसे हैदराबाद, बंगलूरू आदि में स्थिति संतोषजनक नहीं है। हालांकि भारत में ठोस अपशिष्ट से निपटने के लिए नियम लागू हैं जिनमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 तथा जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 भी शामिल है, जिसके अंतर्गत देश भर में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं से निकले जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन होता है। इन नियमों के होते हुए भी ठोस अपशिष्ट का निपटान सही नहीं हो रहा है। इन नियमों के सख्त कार्यान्वयन की आवश्यकता है। दिल्ली सरकार ने एनजीटी को आंकड़े दिए थे, जिनके अनुसार ओखला लैंडफिल साइट पर 2019 तक 60 लाख टन पुराना कचरा डंप किया गया था, जो अब और बढ़ा है। यह चिंतनीय है।

कुछ अलग

# कहीं तो सरकारी ताले भी

**इसे** सही परिप्रेक्ष्य में लें तो शिक्षा में सुधार का प्रथम एक्शन प्लान कुछ ऐसी ही चाहिए। आखिर घटती छात्र संख्या और अप्रासंगिक हो रहे स्कूलों के लिए सरकारी बजट नहीं, सरकारी ताले जरूरी हैं। इसी संदर्भ में सरकारी स्कूलों की संख्या अगर एक झटके में 433 कम हो रही है, तो सुक्खू सरकार के पक्ष में आत्मनिर्भर हिमाचल के तर्क खड़े हो जाते हैं। सरकारी बजट की हिफाजत के लिए यह अति आवश्यक है कि कुछ ताले खरीदे जाएं। फिलहाल शिक्षा विभाग ने 433 खरीद लिए और अगर हर विभाग तालों की जद में आ रहे दफ्तरों या संस्थानों को बंद करे, तो आर्थिक हानि के कई रास्ते और वित्तीय घाटे के कई जमूरे पकड़े जाएंगे। हर विधायक, हर जनप्रतिनिधि और हर सरकारी वेतनभोगी को अगर लक्ष्य दिया जाए कि इसी तरह की कटौतियां करे, तो सरकारी कार्य संस्कृति का स्वरूप और ढर्रा बदल सकता है। आश्चर्य यह कि पिछले दो दशकों में सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या तीन लाख, जबकि पहली कक्षा में ही 1.31 लाख बच्चों से घटकर 49 हजार हो गई। विडंबना यह कि इसी समयावधि में सरकारी स्कूलों की संख्या में बढ़ोतरी कम से कम तीस फीसदी हो गई। यानी कि न कोई वाजिब तर्क था और न ही दलील। अगर ढंग से हर गांव में एक बड़ा खेल मैदान और कुछ गांवों के क्लस्टर में स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र व पुस्तकालय खोल दिए होते तो बजट सार्थक होता। पहली बार कोई सरकार इस स्थिति में पहुंची या व्यवस्था परिवर्तन की मानसिकता ने तय किया कि बजट की परतों के नीचे छुपी उद्देश्यहीनता, अक्षमता और फिजूलखर्ची को रोका जाए, तो इसके लिए सुक्खू सरकार का साथ देना होगा, लेकिन वित्तीय फलक पर चरित्र सुधारने की गुंजाइश तो हर विभाग, बोर्ड-निगम और योजना-परियोजना के ... जाएगा कि कितनी बेरहमी से सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। कितनी पर्यटन इकाइयां, एचआरटीसी के बस डिपो, डेयरी यूनिट, फल अभिषीतन केंद्र, नर्सरियां व बिक्री केंद्र किस हद तक सीधा घाटा उठा रहे हैं। कायदे से मंदिर आय को ही सहेज लें, तो आर्थिक विकास का आत्मनिर्भर रास्ता मिल जाएगा, लेकिन इससे पूर्व एक केंद्रीय मंदिर ट्रस्ट या धार्मिक स्थल विकास प्राधिकरण के तहत नए सिरे से प्रबंधन करना होगा। इसी तरह तमाम मेलों, सांस्कृतिक समारोहों, औद्योगिक प्रदर्शनियों तथा बुक, फूड एवं ट्रेड फेयरों के आयोजनों के लिए मेला विकास प्राधिकरण का गठन करना चाहिए। प्रदेश में एक बहुत ही संपन्न उपभोक्ता बाजार पैदा हो चुका है, लेकिन सार्वजनिक सेवाओं जैसे बिजली-पेयजल आपूर्ति से सरकार नुकसान क्यों उठा रही, इस पर गौर होना चाहिए। हिमाचल में ऐसे बहुत सारे क्षेत्र हैं, जहां निजी क्षेत्र निवेश करना चाहता है या स्वरोजगार पैदा हो सकता है। अगर प्रदेश में सौ के करीब छोटे-बड़े बस अड्डों पर निजी निवेश प्रोत्साहित किया जाए तो ये आर्थिक केंद्र के रूप में प्रदेश की छवि को सुनिश्चित करेंगे। इसी तरह दो हजार गांव के बस स्टॉप को सडक़ों से थोड़ा हटकर मिनी बाजार के रूप में संचालित किया जाए, तो स्वरोजगार बढ़ेगा। अगर सख्ती से जांचा-परखा जाए तो फिजूलखर्ची या अलाभकारी व्यय के लिए कई विभाग और अधिकारी रंगे हाथों पकड़े जाएंगे। ऐसा नहीं कि मौसम ही सब कुछ निगल रहा है, लेकिन इसके नीचे भारी-भरकम नुकसान को बहा दिया जाता है। जनजातीय क्षेत्रों के बजट को लेकर अपव्यय सामने है और इसी तरह कृषि-बागबानी तथा वनों से संबंधित योजनाओं और परियोजनाओं के दुरुपयोग पर भी रोक लगे, तो धन की सही वसूली हो पाएगी, वरना आज अगर कहीं ...

देश दुनीया से

# सत्ता के लिए समर्थन जुटाता बजट

> केंद्रीय बजट 2024 में ऐसा ही कुछ चुनावी राज्यों के साथ हुआ है। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव हो चुके, बजट में उन्हें तो कुछ भी हाथ लगने का सवाल ही पैदा नहीं होता, लेकिन जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, केंद्र सरकार ने उनको भी अंगूठा दिखा दिया। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि इस बजट में देश के सभी वर्गों और क्षेत्रो में संतुलन स्थापित किया गया है। इससे देश का सामूहिक और समान विकास होगा। इस बजट का ज्यादातर हिस्सा बिहार और आंध्रप्रदेश में चला गया। इससे बिगड़े संतुलन ने बाकी राज्यों का हिसाब बिगाड़ दिया। यह बजट गठबंधन की मजबूरी का बन कर रह गया, जिसमें बड़ा हिस्सा सिर्फ दो राज्यों तक सीमित होकर रह गया। गौरतलब है कि केंद्र की मौजूदा सरकार आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलगूदेशम और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल युनाइटेड की बैसाखियों पर टिकी है।

**मतदाताओं** से सौदेबाजी करने में देश के सारे राजनीतिक दल एक जैसे हैं। सत्ता में आने के बाद राजनीतिक दल न सिर्फ हार का बल्कि जीत का हिसाब-किताब चुकता करने से नहीं चूकते। केंद्रीय बजट 2024 में ऐसा ही कुछ चुनावी राज्यों के साथ हुआ है। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव हो चुके, बजट में उन्हें तो कुछ भी हाथ लगने का सवाल ही पैदा नहीं होता, लेकिन जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, केंद्र सरकार ने उनको भी अंगूठा दिखा दिया। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि इस बजट में देश के सभी वर्गों और क्षेत्रो में संतुलन स्थापित किया गया है। इससे देश का सामूहिक और समान विकास होगा। इस बजट का ज्यादातर हिस्सा बिहार और आंध्रप्रदेश में चला गया। इससे बिगड़े संतुलन ने बाकी राज्यों का हिसाब बिगाड़ दिया। यह बजट गठबंधन की मजबूरी का बन कर रह गया, जिसमें बड़ा हिस्सा सिर्फ दो राज्यों तक सीमित होकर रह गया। गौरतलब है कि केंद्र की मौजूदा सरकार आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलगूदेशम और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल युनाइटेड की बैसाखियों पर टिकी है। दोनों मुख्यमंत्रियों ने विशेष राज्यों का दर्जा देने की मांग पर दबाव डाला। केंद्र ने इसकी पूर्ति बजट में अलग योजनाओं के लिए प्रावधान करके कर दी। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने संसद में बजट तो पेश कर दिया, लेकिन अनुमान के मुताबिक बिहार और आंध्र प्रदेश ने केंद्र सरकार का बजट गड़बड़ा दिया। बजट के बड़े हिस्से पर इन दोनों राज्यों का कब्जा हो गया है। बिहार को कुल 58 हजार करोड़ तो आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ का विशेष पैकेज का ऐलान करना पड़ा। बजट पर गठबंधन सरकार का असर साफ दिखा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडु बाजी मार ले गए। एनडीए सरकार ने फिलहाल दोनों राज्यों को स्पेशल स्टेटस तो नहीं दिया, लेकिन उसके बदले सरकार को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। इसके एवज में उन राज्यों को नजरअंदाज करना पड़ा है, जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जोकि बीजेपी या एनडीए के लिए काफी अहम हैं। केंद्रीय बजट में चुनाव वाले राज्य हरियाणा, महाराष्ट्र या झारखंड ही नहीं, बल्कि कई और अहम क्षेत्रों के लिए ... कर दिया है। उम्मीद थी कि बजट में नई ट्रेनों का ऐलान होता, लेकिन नहीं हुआ। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनावी राज्यों को बजट से बहुत उम्मीदें थीं। इन राज्यों के लिए बजट मिलना तो दूर, कोई उम्मीद भी नहीं जगी। लोकसभा चुनावों में अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के वोट छिटकने की चिंता भी नजर नहीं आई। अन्य पिछड़ा वर्ग या अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए कोई खास योजना नजर नहीं आई। उम्मीद की जा रही थी कि उपचुनावों और 3 राज्यों में होने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में सरकार चुनावी राज्यों के लिए अपना खजाना खोल देगी। बजट में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू करने का ऐलान किया गया है। जनजातीय समुदाय के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए शुरू किए जा रहे इस अभियान के तहत जनजातीय परिवारों को सरकारी योजनाओं के संपूर्ण कवरेज का लक्ष्य रखा गया है। इसमें जनजाति बाहुल्य 63 हजार गांवों को शामिल किया जाना है और पांच करोड़ जनजातीय लोग लाभान्वित होंगे। जनजाति बाहुल्य झारखंड की कुल आबादी में करीब 27 फीसदी भागीदारी जनजातियों की है। ऐसे में इस योजना का लाभ भी झारखंड को मिलने की उम्मीद की जा सकती है। पर ये योजनाएं पार्टी की ब्रैंडिंग नहीं कर पाती हैं। जनता यह मानकर चलती है कि ये सरकारी योजनाएं हैं, यह तो मिलना ही था। अगर इनकी जगह पर कोई लोन, कोई छात्रवृत्ति, कोई सहायता जैसी योजना शुरू की गई होती तो उसकी बात अलग होती। इसी तरह चुनावी राज्यों में कोई बड़ा प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा हो सकती थी। हरियाणा और महाराष्ट्र में किसानों के वोट बहुत महत्वपूर्ण हैं। भारतीय जनता पार्टी की जरूरत थी कि किसानों के लिए बजट में कुछ ऐसी घोषणाएं की जाएं जिससे उन्हें अपनी जीवनशैली में बदलाव होने की कुछ उम्मीद जग सके। सरकार ने कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों के लिए एक लाख 52 हजार करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। वित्त मंत्री ने उत्पादन बढ़ाने और जलवायु के अनुकूल किस्मों के विकास पर जोर देने के लिए कृषि अनुसंधान व्यवस्था की व्यापक समीक्षा का ऐलान करते हुए यह भी कहा है कि 32 कृषि और बागवानी ...

आप का नजरीया

# बढ़ती विषमता का विष कौन निगले

**प्रसिद्ध** अर्थशास्त्री कौशिक बसु ने केंद्रीय बजट की अपनी समीक्षा में भारत की बढ़ती आर्थिक विषमता का जिक्र किया है। उनका कहना है कि आर्थिक नीतियों को इसे कम करने के तरीके खोजने चाहिए। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष और नीति आयोग के संस्थापक उपाध्यक्ष अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया ने भी कुछ सप्ताह पहले कहा था कि अब गैरबराबरी को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। भारत की बढ़ती आर्थिक विषमता पिछले कुछ समय से काफी चर्चा में है। वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब से लेकर यूएनडीपी की रिपोर्टों में भी भारत को उन देशों में रखा गया है, जहां अमीर और गरीब के बीच का फासला सबसे ज्यादा है। यह ठीक है कि पिछले दो दशकों में भारत में अति-दरिद्रता कुछ कम हुई है। मनरेगा या सीधे अनाज बांटने की योजनाओं ने भुखमरी वाली गरीबी को कम किया है, मगर अमीर और गरीब का फासला लगातार बढ़ता गया है। पिछली सदी की समाजवादी शब्दावली में कहा जाता था, अमीर अधिक अमीर होता जा रहा है और गरीब अधिक गरीब। अब गरीब अधिक गरीब भले न हो रहा हो, लेकिन अमीर जिस तेजी से ज्यादा अमीर होता जा रहा है, उससे फासला बहुत बढ़ गया है। बजट के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि इस बजट में विषमता को कम करने का कोई उपाय नहीं दिखता। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि भारत में इस समय विषमता जहां पहुंच गई है, उतनी तो ब्रिटिश काल में भी नहीं थी। शशि थरूर जब यह कह रहे थे, तो दरअसल वह दुनिया के कई अर्थशास्त्रियों द्वारा तैयार किए गए एक शोध-पत्र का हवाला दे रहे थे, जो अभी कुछ ही महीने पहले जारी हुआ है। इस शोध-पत्र के अनुसार, इसके पहले भारतीय इतिहास में सबसे ज्यादा गैर-बराबरी 1930 में थी, जब देश की एक फीसदी आबादी के पास पहुंचने वाली आमदनी देश की कुल आमदनी का 20 फीसदी थी। बाद के दौर में इसमें गिरावट आ गई। मगर लगभग सौ साल बाद हम वहां पहुंच गए हैं, जहां देश के एक फीसदी अमीरों के पास पहुंचने वाली आमदनी 20 फीसदी की पिछली बुलंदी को भी पार कर गई है। बात जब ब्रिटिश दौर की हो रही है, तो प्रसंगवश ब्रिटेन की ओर भी झांक लेते हैं। आर्थिक गैर-बराबरी वहां भी हाल के वर्षों में काफी तेजी से बढ़ी है। पिछले दिनों आम चुनाव में जिस तरह वहां के लोगों ने लेबर पार्टी को भारी बहुमत दिया, उसका एक कारण यह भी बताया जाता है कि लोग आर्थिक दबावों की वजह से आजिज आ गए थे। और अब जब लेबर पार्टी जीत गई है, तो उसके सांसद ही दबाव डाल रहे हैं कि सबसे पहले गैर-बराबरी दूर करो। पार्टी का पूरा अमला इसी में सिर खपा रहा है कि इस अफसाने को कैसे अंजाम तक पहुंचाया जाए। वैसे, भारत में भी आम चुनाव के दौरान कांग्रेस ने इस मुद्दे के संकेत अपने घोषणापत्र में दिए थे। मगर चुनावी माहौल में इस पर कोई विमर्श होने के बजाय मंगलसूत्र और भैंस खोल ले जाने जैसी चर्चाएं ही खबरों में छाई रहीं। भारत और ब्रिटेन ही क्यों, यह तो तकरीबन सारी दुनिया में हो रहा है। ...

पेपरलीक माफियाओं को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए हिम्मत या औकात की जरूरत नहीं

# सरकार की मंशा ही काफी : जितेंद्र गोठवाल



**जयपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 70 लाख युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में पनप रहे पेपरलीक माफियाओं पर भजनलाल सरकार ने नकेल कंसने का कार्य किया है। महज 7 माह में 120 से अधिक पेपरलीक माफियाओं को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है। अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए हिम्मत या औकात की जरूरत नहीं होती, केवल मंशा और नेक इरादों की जरुरत होती है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस को अपराधियों पर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए। इसी की बदौलत आज पेपरलीक माफिया जेल में है। पेपरलीक माफियाओं का उद्योग चलाने वाले डोटासरा अब बेरोजगारों की चिंता करने का ढोंग कर रहे हैं। भाजपा विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताया है। डोटासरा भूल गए कि भाजपा सरकार के 10 साल के कार्यकाल में किए गए ऐतिहासिक कार्यों की बदौलत केंद्र में तीसरी बार सरकार बनी है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के नाम पर देश में गृहयुद्ध होने का बयान देने वाले कांग्रेसी नेताओं की जुबान पर मोदी सरकार ने ताला लगा दिया। मोदी सरकार ने धारा 370 हटाई और लाल चौक पर जाकर तिरंगा भी फहराया गया। आज उसी कश्मीर में लोग अमन-चैन और भाईचारे के साथ रह रहे है। गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस के अनुभव वाले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर उनके ही कोटा के सांगोद से आने वाले जनप्रतिनिधि ने भ्रष्ट लोगों को संरक्षण देने वाला बताया और कहा कि गहलोत का ईमान मर चुका है, ये भ्रष्ट लोगों को सरंक्षण दे रहे है। डोटासरा गहलोत और पायलट के संवाद को भी भूल गए। पायलट का निकम्मा, नकारा कहने वाले गहलोत 5 साल अपनी कुर्सी को बचाने में ही लगे रहे। अब गांव से आने वाले किसान के बेटे को मुख्यमंत्री बना दिया तो ये अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। गोठवाल ने कहा कि कांग्रेसी नेताओं ने ही देश को धर्म-जाति के नाम पर बांटने का काम किया था। कांग्रेसी नेताओं ने तुष्टिकरण की नीति अपनाकर धार्मिक उन्माद फैलाने का काम किया था। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में लचर कानून व्यवस्था के चलते प्रदेश दुष्कर्म, महिला और दलित अत्याचार जैसे अपराधों के मामलों में देशभर में प्रथम स्थान पर पहुंच गया था। कांग्रेस सरकार ने 5 साल के राज में प्रदेश को गर्त में धकेल दिया था। वहीं दूसरी ओर भाजपा की भजनलाल सरकार ने सत्ता में आने के बाद ही अपराध पर लगाम लगाने के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स गठित की, बदमाशों के घरों पर बुलडोजर चलाया और पेपरलीक के मामलों की त्वरित जांच के लिए एसआईटी गठित की और भी कई सख्त एक्शन लिए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिस हिसाब से 7 माह में जनहित में कई ऐतिहासिक फैसले किए है उससे सरकार की मंशा साफ कर दी है।

## कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों के चलते भाजपा में बेचैनी का माहौल : लाल बहादुर खोवाल



**हिसार ( हिंस )।** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने कहा है कि कांग्रेस की कल्याणकारी नीतियों के चलते भाजपा में बैचेनी का माहौल है। उन्होंने कहा कि अब चाहे भाजपा कितने ही बड़े बड़े दावे करें लेकिन उसकी दाल गलने वाली नहीं है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने मंगलवार को कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की लहर है और अक्तूबर में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते जनता काफी परेशान है। इसके विपरीत कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं में लोग विश्वास जता रहे हैं। कांग्रेस को लगातार मिल रहे जनसमर्थन से भाजपा में बेचैनी का माहौल है। एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन सड़के व लोकसभा में विपक्ष के नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की रचनात्मक सोच व दूरदृष्टि के चलते हर वर्ग कांग्रेस से जुड़ रहा है। सांसद व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा की कांग्रेस संदेश यात्रा भी मील का पत्थर साबित हो रही है। इस यात्रा का प्रभाव हरियाणा विधानसभा में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष बहन कुमारी सैलजा ने इससे पूर्व जनवरी माह में भी प्रदेशभर में यात्रा निकाली थी।

## सामुदायिक भवन की छत गिरी, चार मजदूरों की मौत, नौ को सुरक्षित निकाला



**राजसमंद ( हिंस )।** जिले के नाथद्वारा में सोमवार रात सामुदायिक भवन की निर्माणाधीन छत गिरने से चार मजदूरों की मौत हो गई है। करीब पांच घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मंगलवार सुबह करीब चार बजे मलबे में दबे नौ और मजदूरों को निकाला गया। सभी की हालत काफी गंभीर है। घटना की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर भंवर लाल और एसपी मनीष त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। पहले तो प्रशासन ने अपने स्तर पर जेसीबी मंगवाकर मजदूरों को निकालने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर एसडीआरएफ को बुलाया गया। सभी शवों को नाथद्वारा के लालबाग स्थित जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि नाथद्वारा के टीमेला गांव में मेघवाल समाज का सामुदायिक भवन बनाया जा रहा था। रात करीब 11 बजे निर्माणाधीन भवन की छत गिर गई। छत के गिरने से 13 मजदूर मलबे में दब गए, जिसमें से तीन मजदूरों के शव रात एक बजे तक निकाल लिए गए। वहीं, एक और मजदूर का शव रात करीब तीन बजे निकाला गया। हादसे में कालू लाल मेघवाल, शांति लाल मेघवाल, भगवती लाल मेघवाल और भंवर लाल मेघवाल की मौत हुई है। टीमेला के ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पहले नए बन रहे सामुदायिक भवन की छत डाली गई थी। सोमवार रात करीब 11 बजे वहीं काम कर रहे 13 मजदूर भवन के अंदर छत को चेक करने के लिए गए। इसी दौरान पूरी छत ढह गई।

## हिंदी आंदोलन के सत्याग्रहियों को मिलेगी 20 हजार मासिक पेंशन

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों के लिए पेंशन को 15,000 रुपए से बढ़ाकर 20,000 रुपए प्रतिमाह करने की मंजूरी प्रदान कर दी है। सरकारी प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग 161 मातृभाषा सत्याग्रहियों या उनके जीवित पति/पत्नियों को 15,000 रुपए मासिक पेंशन वितरित करता है। प्रस्तावित वृद्धि 20,000 रुपए प्रति माह होने से 96.60 लाख रुपए का अतिरिक्त वार्षिक व्यय होगा, जिससे कुल वार्षिक बजट लगभग 3.86 करोड़ रुपए हो जाएगा।

## सीएम को जान से मारने की धमकी के बाद प्रदेशभर की जेलों में चला सर्च अभियान



**जयपुर ( हिंस )।** दौसा जिले की श्यालावास जेल से कैदी द्वारा जयपुर कंट्रोल रूम को फोन कर मुख्यमंत्री भजनलाल को जान से मारने की धमकी देने की घटना के बाद मंगलवार को जेल प्रशासन ने प्रदेशभर की जेलों में सर्च अभियान चलाया है। सर्च अभियान के दौरान कई जेलों में आपत्तिजनक सामान और मोबाइल बरामद किए गए। सोमवार को प्रदेश की पंद्रह जेलों में तलाशी ली गई थी। जेल मुख्यालय की ओर से सभी जिला जेल अधीक्षकों को सर्च करने के आदेश दिए गए। जेल विभाग के पुलिस महानिदेशक राजेश निर्वाण का कहना है कि प्रदेश की जेलों की सुरक्षा के लिए उच्च स्तरीय जांच करवाई जा रही है। मोबाइल, सिम कार्ड, मादक पदार्थ सहित अन्य चीजें रोकने के लिए बड़े स्तर पर बदलाव किए जाएंगे। इसके लिए जेल विभाग नई एसओपी तैयार करेगा। बार-बार मिल रही शिकायतों वाली जगह पर स्टाफ बदलेंगे। प्रतिबंधित वस्तु जेल में जाने की सूचना पर समय-समय पर जिला प्रशासन, पुलिस और जेल अपने स्तर पर सर्च अभियान चलाते हैं। सोमवार को सभी जेल अधीक्षकों को आदेश जारी किए गए कि वे पुलिस की मदद से जेलों में सर्च ऑपरेशन करें। तलाशी यह मिला इस जेल में जोधपुर की हाई सिक्योरिटी सेंट्रल जेल में तलाशी के दौरान एक मोबाइल मिला। वार्ड संख्या 10 की बैरक संख्या 2 की छत पर एक मोबाइल मिला। जेल में सर्च ऑपरेशन के दौरान मोबाइल मिलने के बाद जेल प्रशासन की ओर से रातानाड़ा थाने में मामला दर्ज करवाया गया। अलवर जेल में आधा दर्जन थानेदार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने तलाशी ली, लेकिन तलाशी में कुछ भी नहीं मिला। इस जेल में 9 वार्ड हैं। इनमें 993 कैदी हैं। इनमें 25 महिला कैदी हैं। बाड़मेर जेल में भी तलाशी में कुछ नहीं मिला, लेकिन यहां पर क्षमता से अधिक कैदी मिले। बाड़मेर जिला कारागृह के बैरकों की क्षमता 158 है। लेकिन फिलहाल जेल में 250 से अधिक बंदी है।

## दलितों पर अत्याचार के विरोध में बसपा ने सौंपा ज्ञापन



**अलवर ( हिंस )।** राजस्थान में दलित आदिवासी समाज पर लगातार हो रहे अत्याचार के विरोध में बहुजन समाज पार्टी ने मंगलवार को राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन सौंपा। एडवोकेट राम जीवन ने बताया जब से भाजपा सरकार आई है तब से राजस्थान में दलित आदिवासी व पिछड़े समाज के लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं। कहीं उनकी हत्या कर दी जाती है तो कहीं किसी का तलवार से सर काट दिया जाता है तो कहीं पुलिस द्वारा गो तस्कर के नाम पर गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। ऐसे कई मामले हैं जो राजस्थान में घटना घटित हुए है। इन सभी मामलों में आज राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा हैं ताकि कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में भाजपा एक दूसरे के चट्टे बट्टे हैं दोनों की सरकार में ही क्राइम कंट्रोल नहीं हुआ। कांग्रेस पार्टी में दुष्कर्म की घटनाएं, हत्या, लूटपाट सामने आई। वहीं भाजपा की सरकार में धोखाधड़ी, हत्या सहित कई संघिन मामले सामने आए हैं। इन्हीं मामलों पर रोकथाम लगाने के लिए ज्ञापन दिया हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा अगर इन मामलों पर रोक नहीं लगी तो बहुजन समाज पार्टी आने वाले समय में उग्र आंदोलन करेगी।

## प्रेमिका ने परिजनों के साथ मिल की प्रेमी की हत्या, छह गिरफ्तार

**बाड़मेर ( हिंस )।** बालोतरा पुलिस ने कोशलू गांव में युवक की हत्या का पर्दाफाश किया है। इस मामले में प्रेमिका उसके माता-पिता सहित छह जनों को गिरफ्तार किया है। प्रेमिका ने प्रेमी को मिलने के बहाने रात में घर पर बुला अपने परिवार के 10-12 सदस्यों के साथ मिलकर पहले युवक को बंधक बनाया। फिर रातभर उसके साथ मारपीट की और उसको पेशाब भी पिलाया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने के साथ शेष अन्य साथियों की तलाश कर रही है। नागाणा जांगुओं की ढाणी ग्राम पंचायत के मुकेनाणियों की ढाणी निवासी मगाराम पुत्र हनुमानाराम सिणधरी थाने के कौशलू गांव में ऑयल वेलपेड पर काम करता था। इस दौरान उसकी जान पहचान उसी गांव की युवती से हो गई। दोनों के बीच काफी समय से अफेयर चल रहा था। युवक को पहले भी दो-तीन बार घर मे घुसने पर परिजनों ने पकड़ा था, लेकिन तब समझाइश व उसके परिजनों को शिकायत करने के बाद उसे छोड़ दिया था। इसके बाद युवक के युवती से संपर्क में होने का संदेह होने पर परिजनों ने घर पर भी सीसीटीवी कैमरे लगा दिए। शुक्रवार शाम को प्रेमिका ने प्रेमी को फोन कर रात को घर पर प्लानिंग के तहत बुलाया।

## लव जिहाद अध्यादेश किसी एक धर्म के लिए नहीं, विपक्ष इस पर कर रहा राजनीति : मोहसिन

**लखनऊ ( हिंस )।** उप्र सरकार द्वारा लव जिहाद पर लाए गए अध्यादेश को लेकर पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री, मुस्लिम वक्फ और हज मोहसिन रजा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस अध्यादेश को बेटियों के साथ होने वाले अत्याचार को रोकने वाला बताया। विपक्ष पर हमला बोलते हुए पूर्व मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण ने धर्म के नाम पर राजनीति करने वाला करार दिया है। उन्होंने इसे सर्व धर्म से जुड़ा अध्यादेश बताया है। पूर्व मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मोहसिन रजा ने एक वीडियो जारी कर लव जिहाद पर आए अध्यादेश को लेकर मंगलवार कहा कि पूर्व में लव जिहाद के बहुत अधिक मामले आया करते थे। योगी सरकार ने जब इस पर एजेंसियों से जांच कराई तो पाया कि लोगों का अवैध रूप से धर्मांतरण कराया जा रहा है, उन पर भी कार्रवाईयां हुई हैं। इस पर योगी सरकार द्वारा लाया जा रहा अध्यादेश किसी एक धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। यह सर्व (सभी) धर्म के लिए है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटी हो, आपकी बेटी हो या किसी की भी बेटी हो उसका नाम परिवर्तन करके या बहला फुसला कर शादी करने के बाद उसका जीवन बर्बाद करें, उसे छोड़ दें, ऐसे लोगों से निपटने वाला बताया है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानून लागू हो इसकी मोहसिन रजा ने पुरजोर हिमायत की है। उन्होंने साफ कहा कि अगर ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं करेंगे, सख्त कानून नहीं बनाएंगे तो ऐसी घटनाएं (धर्मांतरण, मतांतरण, लव जिहाद) को रोक पाना मुश्किल होगा।

## प्रधानमंत्री के आह्वाहन पर 13 अगस्त से हर घर झंडा अभियान चलेगा : संतराज यादव




**देवरिया ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय चौराचौरी स्थित मंगलवार को जिला प्रभारी संतराज यादव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। संगठन को चुस्त दुरूस्त करने के लिए मंडलवार बैठकें कर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संपर्क और संवाद स्थापित करने का निर्णय हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए संतराज यादव ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। जिसमें हर पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने मन की बात कार्यक्रम के द्वारा ये आह्वान किया हैं कि 13 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी घरों पर तिरंगा लगाया जाएगा। हर कार्यकर्ता को किसी न किसी बूथ पर भ्रमण करना हैं। उन्होंने बताया कि सातों विधानसभाओं में एक एक व्यक्ति को हर कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग के लिए हमे बनाना चाहिए ताकि जितने भी कार्यक्रम पार्टी नेतृत्व द्वारा दिए जाएं वो सुचारू रूप से संपादित हो सके। मां के नाम एक वृक्ष अभियान के जिला संयोजक राजेश मिश्रा ने बताया कि अभियान का द्वितीय चरण चल रहा हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियो, जिला पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष गण, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी बूथ अध्यक्ष गण अपने अपने गांव बूथ पर मां के नाम एक वृक्ष अवश्य लगाकर सरल ऐप पर डाउनलोड करें। सोशल मीडिया पर प्रचारित करने की अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने किया तथा संचालन जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री श्रीनिवास मणि, रविंद्र कौशल, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, महेश मणि, अरविंद पांडे, निर्मला गौतम, अभिषेक जायसवाल, रामाज्ञा चौहान, रमाशंकर निषाद, अंकुर राय, रामजी सिंह, प्रभाकर तिवारी, शिवेश पांडे, शुभम त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार के आरक्षण को खारिज नहीं किया है : विजय चौधरी

**पटना ( हिंस )।** संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को जदयू कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि दलित, अति पिछड़े एवं पिछड़े वर्गों की आरक्षण की सीमा बढ़ाए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार की अपील को खारिज नहीं किया है। कोर्ट पूरी सुनवाई करके ही फैसला देगा। विजय चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार आशान्वित है कि जातीय गणना के सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों पर आधारित सरकार के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट बरकरार रखेगा। चौधरी ने कहा कि विपक्षी दलों के नेतागण तो सिर्फ अपनी प्रासंगिकता बनाने के लिए विधानसभा में इस कानून को संविधान की 9वीं अनुसूची में डालने के प्रस्ताव पर बहस कर रहे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो पूर्व में ही इसे 9वीं अनुसूची में डालने की अनुशंसा कर चुके हैं। अभी जब हाई कोर्ट ने इस कानून को निरस्त कर दिया है एवं यह कानून अस्तित्व में ही नहीं है तो फिर ऐसी बात करना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में पूरी मुस्तैदी से मामले को देख रही है एवं इसे बरकरार रखने के लिए भी प्रयत्नशील है। इसके बाद ही इसे 9वीं अनुसूची में डालने की बात आएगी।

## पुलिस ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का किया स्वागत



**महोबा ( हिंस )।** श्रावण मास में कावड़ यात्रा पर निकले कांवड़ियों का खाकी ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया है। पुलिस ने चित्रकूट से गंगाजल लेकर झांसी जा रहे कांवड़ियों के लिए चाय-नाश्ता की व्यवस्था की और राजमार्ग में सुगम यातायात की व्यवस्था की है। कांवड़िए हर हर महादेव बम बम भोले की जय घोष करते हुए चल रहे थे। श्रावण मास में हर जगह कांवड़ियों की धूम देखने को मिल रही है। चित्रकूट धाम से पावन मंदाकिनी नदी से कावड़ लेकर झांसी जा रहे कांवड़िए जनपद के कुलपहाड़ कस्बा पहुंचे तो कोतवाली पुलिस ने उनके ठहरने की व्यवस्था की और इसके साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया और जलपान की व्यवस्था की है और पुलिस ने फूल मालाओं से कांवड़ियों का स्वागत किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने बताया कि कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। जनपद के जिस रूट से कांवरिया निकल रहे हैं, वहां पर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। कुलपहाड़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह के द्वारा कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई है। इस मौके पर एसआई विकास तिवारी, राजेश सिंह, दिनेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे हैं। कस्बा हर-हर बम-बम के जयकारों से गुंजायमान हो गया है।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सभी मंत्रियों की लगाई ड्यूटी, नीतीश कैबिनेट में शामिल सभी 15 मंत्रियों का समय किया निर्धारित




**पटना ( हिंस )।** बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में एक बड़ी बैठक कर सभी मंत्रियों की ड्यूटी लगायी है। राजस्व मंत्री रहते हुए वे खुद एक दिन ड्यूटी करेंगे। सम्राट चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान सहयोग कार्यक्रम बंद था। नए अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने इसकी शुरूआत करने को कहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने नीतीश कैबिनेट में शामिल सभी 15 मंत्रियों को सहयोग कार्यक्रम में शामिल होने का समय और दिन निर्धारित किया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को अपने आवास में सहयोग कार्यक्रम करेंगे, जबकि दूसरे डिप्टी सीएम विजय कुमार सिंह हर हफ्ते शुक्रवार को सरकारी आवास 3 स्टैंड रोड पर सहयोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। हर हफ्ते सोमवार को मंगल पांडेय, केदार गुप्ता, कृष्णनंदन पासवान भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठेंगे। बुधवार को रेणु देवी, नीतीश मिश्रा और दिलीप कुमार जायसवाल प्रदेश कार्यालय में सहयोग कार्यक्रम में शिकायत सुनेंगे। गुरुवार को नितिन नवीन, संतोष सिंह और सुरेंद्र मेहता प्रदेश कार्यालय में सहयोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। जबकि शनिवार को डॉक्टर प्रेम कुमार, नीरज कुमार बबलू, जनक राम और हरि सहनी सहयोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस तरह से प्रदेश अध्यक्ष ने सभी मंत्रियों की ड्यूटी लगाई है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में दिलीप जयसवाल ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि एक विधानसभा चलने के दौरान विदेश चले जाते और एक लोकसभा की कार्यवाही चलने पर विदेश की सैर पर चले जाते हैं। ये लोग विदेशी आदमी है। विदेशी आदमी के बारे में बात करने से क्या फायदा? हम लोग तो देशी आदमी हैं गांव देहात का आदमी है कोई विदेशी नहीं? हम देश में ही रहते है विदेश में नहीं रहते। दिलीप जायसवाल ने प्रदेश कार्यालय में आज यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है। संगठन हमारा परिवार है। इस संगठन को मजबूत करने और आगे की जिम्मेदारी बिहार में मुझे दी गयी है। संगठन के गठन पर दिलीप जायसवाल ने कहा कि संगठन का गठन हम जल्द ही कर लेंगे। राहुल गांधी के चक्रव्यू तोड़ने वाले बयान पर कहा कि एक हमारे नेता प्रतिपक्ष हैं जब सदन चलता है तो विदेश में रहते हैं। इस तरह राहुल गांधी कब विदेश में जाते हैं कब कब देश में नजर आते है। कब बाहर जाएंगे उनके बारे में बात करने से क्या फायदा। हम विदेशी आदमी का बात नहीं करते हैं। दिलीप जयसवाल ने कहा कि सप्ताह में सोमवार से शनिवार के दौरान जनता दरबार की तर्ज पर मंत्री लोगों की फरियाद सुनेंगे और ऑन स्पॉट समस्या का समाधान निकालेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा एक अगस्त से सहयोग कार्यक्रम चलाने जा रही है। जिस तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता दरबार लगाते हैं उसी की तर्ज पर मंत्री लोगों की फरियाद सुनेंगे और उसका तुरंत निदान निकालेंगे। सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण को लेकर सुनवाई पर दिलीप जायसवाल ने कहा कि आरक्षण को लेकर मीडिया में कुछ गलत बातें प्रसारित की जा रही है।




# विस्तारा एयर लाइंस वीआरएस योजना लाई, उड़ान सेवा से अलग स्थायी कर्मचारियों को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली।**

विस्तारा एयर लाइंस ने एयर इंडिया के साथ विलय से पहले उड़ान सेवा के इतर अन्य कार्यों से जुड़े हुए कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के साथ-साथ स्वैच्छिक पृथक्करण योजनाओं (वीएसएस) की पेशकश की है।

विस्तारा एयर लाइंस के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया कि विस्तारा ने उड़ान सेवा के इतर नॉन-फ्लाइंग स्थायी कर्मचारियों के लिए वीआरएस और वीएसएस की पेशकश की है। विस्तारा एयर लाइंस के पात्र कर्मचारी 23 अगस्त तक इन योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### 6,500 कर्मचारी कार्यरत

विस्तारा एयर लाइंस, टाटा और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच एक संयुक्त उद्यम है। इसमें स्थायी तथा अनुबंध सहित करीब 6,500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। अधिकारियों ने बताया कि उड़ान सेवा के इतर अन्य कार्यों से जुड़े स्थायी कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना और स्वैच्छिक पृथक्करण योजना की पेशकश की गई है। वीआरएस उन लोगों के लिए है जिन्होंने एयरलाइन में पांच साल की सेवा पूरी कर ली है, जबकि वीएसएस उन कर्मचारियों के लिए है जिन्होंने एयरलाइन में अभी पांच साल की सेवा पूरी नहीं की है। ये योजनाएं टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया द्वारा इस महीने की शुरुआत में पेश की गई योजनाओं के समान हैं। ये योजनाएं पायलट, चालक दल के सदस्यों और अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए लाइसेंस रखने वालों पर लागू नहीं होंगी। विस्तारा की ओर से इन योजनाओं पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। एयरलाइन ने 2015 में उड़ान भरना शुरू किया था।

सूत्रों ने इस महीने की शुरुआत में बताया था कि एअर इंडिया ने उड़ान सेवा के अलावा अन्य कार्यों से जुड़े कम से कम पांच साल तक की सेवा वाले स्थायी कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) पेश की है। पांच साल से कम समय से काम कर रहे कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक पृथक्करण योजना (वीएसएस) लाई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेबी ने जारी की, 980 पंजीकृत कंपनियों की सूची, ठगी से बचेंगे ग्राहक



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जिसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, गूगल, युटुब इत्यादि पर विज्ञापनों के माध्यम से ठगी की जा रही है। विज्ञापनो में मोटे मुनाफा का लालच देकर ग्राहकों को ठगा जा रहा है। निवेश के लिए कई फर्जी वेबसाइट बनाई गई हैं। ठगी करने के बाद यह वेबसाइट बंद हो जाती हैं। गृह मंत्रालय ने ठगी की इस कार्रवाई को रोकने के लिए एक नया सिस्टम तैयार किया है। जिसमें लोग यह जान सकेंगे, विज्ञापन में जो वेबसाइट बताई गई है। वह सही है या फर्जी है। गृह मंत्रालय के निर्देश पर सेबी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर स्टॉक मार्केट में निवेश करने वाली सभी 980 रजिस्टर कंपनियों की जानकारी उपलब्ध करा दी है। गृह मंत्रालय ने लोगों को आगाह किया है। वह ठगी से बचने के लिए वेबसाइट पर जाकर रजिस्टर कंपनियों की जानकारी प्राप्त करें।

### अमेजन की ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल सेल जल्द होगी शुरू




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स साइट अमेजन जल्द ही अमेजन ग्रेट फेस्टिवल सेल की शुरुआत करने जा रहा है। इस सेल में ग्राहकों को 80 फीसदी तक की भारी छूट मिलेगी। फिलहाल सेल कब शुरू होगी, इसके बारे में कोई सूचना नहीं दी गई है। अमेजन की ऑफिशियल साइट पर दिख रहे बैनर को देखकर कहा जा सकता है कि इस सेल में स्मार्टफोन्स और एक्सेसरीज पर ग्राहकों को लगभग 40 फीसदी की छूट मिलेगी। इसके अलावा नया इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट खरीदने पर 80 फीसदी तक का बंपर डिस्काउंट मिलेगा। अमेजन ने सेल के लिए स्टेंट बैंक ऑफ इंडिया के साथ हाथ मिलाया है। अमेजन सेल के दौरान अगर आप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया क्रेडिट कार्ड या फिर ईएमआई ट्रांजैक्शन के जरिए भुगतान करते हैं तो आपको 10 फीसदी की छूट का फायदा मिलेगा। सेल के दौरान ग्राहकों को सुविधा देने के लिए 24 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई की सुविधा, 10 हजार रुपये तक के डिस्काउंट कूपन और 50 हजार रुपये तक के एक्सचेंज ऑफर्स का लाभ मिलेगा।

### नवी फिनसर्व ने जेपी मॉर्गन के साथ प्रतिभूतिकरण सौदा किया पूरा

**नई दिल्ली।** नवी फिनसर्व ने जेपी मॉर्गन के साथ 3.8 करोड़ अमरीकी डॉलर (लगभग 315 करोड़ रुपये) का व्यक्तिगत ऋण प्रतिभूतिकरण सौदा पूरा कर लिया है। एनबीएफसी कंपनी ने एक बयान में कहा कि पास-थ्रू सर्टिफिकेट (पीटीसी) के रूप में संरचित लेनदेन को असुरक्षित व्यक्तिगत ऋणों के एक समूह द्वारा समर्थित किया जाएगा, जिसकी शुरुआत तथा सेवा नवी फिनसर्व द्वारा की जाएगी। बयान में कहा गया है कि यह भारत में फिनटेक क्षेत्र में जेपी मॉर्गन का पहला पास-थ्रू सर्टिफिकेट लेनदेन है। साथ ही यह भारत में पहला असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण समर्थित पीटीसी लेनदेन है। नवी फिनसर्व ने कहा कि कंपनी इस धन का उपयोग अपने डिजिटल व्यक्तिगत ऋण कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए करेगा। भारत में डिजिटल ऋण देने में तेजी आ रही है और यह समग्र भारतीय फिनटेक बाजार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### आईटीआर फाइलिंग की आखिरी तारीख आगे बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर




बोर्ड (सीबीडीटी) से असेसमेंट ईयर 2024-25 के लिए आईटीआर फाइल करने की तारीख एक महीने बढ़ाकर 31 अगस्त करने की मांग की है। एक ज्ञापन में ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स के अधिकारियों ने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्य भारी बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आ गए हैं। ऐसे में वहां रहने वाले लाखों लोग अपना आयकर रिटर्न नहीं भर पाए हैं। इसके अलावा इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल पर भी काफी समस्याएं देखने को मिल रही है। जिसकी वजह से करदाता अपना रिटर्न फाइल नहीं कर सके हैं। ऐसे में आयकर रिटर्न फाइल करने की आ?खिरी तारीख को एक महीने के लिए आगे बढ़ा दिया जाना चाहिए। हालांकि आयकर विभाग की ओर से रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख को आगे बढ़ाने के संदर्भ में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### सीआईआई के कार्यक्रम में पीएम मोदी का बड़ा खुलासा

# पिछले दस सालों में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले

**नई दिल्ली।**

धानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन में 'विकसित भारत की यात्रा: केंद्रीय बजट 2024-25 के बाद का सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। यह कार्यक्रम कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) की ओर से आयोजित किया गया है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'मेरा देश कभी पीछे नहीं हट सकता। मैं सीआईआई का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मुझे याद है पैंडेमिक के समय आप बहुत चिंता कर रहे थे। हर चर्चा के केंद्र के विषय रहता था गेटिंग ग्रोथ बैक। भारत बहुत ही जल्द विकास के पथ पर दौड़ेगा। आज भारत किस ऊंचाई पर है। आज भारत 8 प्रतिशत की रफ्तार से ग्रो कर रहा है। आज हम सभी डिस्कस कर रहे हैं, जर्नी टुवार्ड विकसित भारत। यह बदलाव सिर्फ सेंटिमेंट का नहीं है यह बदलाव कॉन्फिडेंस का है।'



### भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक ताकत है। और वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरे सबसे बड़े इकोनॉमिक पावर बन जाएगा। पीएम ने कहा, 'मैं जिस बिरादरी से आता हूं उस बिरादरी की पहचान बन गई है चुनाव से पहले जो बातें करते हैं चुनाव के बाद भुला देते हैं। मैं वैसा नहीं हूं। इसलिए मैं याद दिला देता हूं मैंने कहा था मेरे तीसरे टर्म में देश तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनेगा। भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा है। 2014 में जब आपने हमें सेवा करने का अवसर दिया तब सबसे बड़ा प्रश्न यही था इकोनॉमी को कैसे वापस पटरी पर लाएं। 2014 से पहले ही फ्रेजाइल फाइव वाली स्थिति और लाखों करोड़ों के घोटाले के बारे में यहां हर कोई पता है। इकोनॉमी की क्या स्थिति थी इसकी बारीकियां सरकार ने श्वेत पत्र जारी के बताई है। मैं उसके विस्तार में नहीं जाऊंगा।'

पीएम ने कहा कि आप जैसे संगठन (सीआईआई) उस पर जरूरत के अनुसार अध्ययन करें उस पर डिबेट करें कि हम कहां खड़े थे और कैसी बीमारियों की शिकार हो गए थे?

### हम भारत को महासंकट से निकालकर इस ऊंचाई पर लाए

पीएम ने दावा किया कि हम भारत को उस महासंकट से निकाल कर इस ऊंचाई पर लाए हैं। बजट 16 लाख से 48 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कैपेक्स जिसे रिसोर्स इन्वेस्टमेंट कहा जाता है यूपीए सरकार के पहले बजट में कैपेक्स के लिए 90 हजार करोड़ था, इस साल सरकार चलाने के बाद 2014 में यह बजट 2 लाख करोड़ रुपये था। आज कैपेक्स 11 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। हमारी सरकार में कैपेक्स 5 गुना की रफ्तार से बढ़ा है। बात सिर्फ बजट बढ़ाने की नहीं है बात गुड गवर्नेंस की है। पहले बजट की घोषणाएं भी जमीन पर नहीं उतार पाते थे। ये घोषणा करके हेडलाइन लेते थे पर काम नहीं होता था। योजनाओं को तय समय पर पूरा करने पर भी पहले की सरकारों का कोई जोर नहीं था। हमने दस वर्षों में इस स्थिति को बदला है।

### अनिश्चितता के समय में भी विदेशी मुद्रा भंडार में अच्छी खासी वृद्धि

ऐसी अनिश्चितता के समय में भी विदेशी मुद्रा भंडार में अच्छी खासी वृद्धि हुई है। हाई ग्रोथ लो इन्फ्लेशन वाला इकलौता देश है। इतनी बड़ी महामारी के बावजूद भारत का फिस्कल प्रूडेंस पूरी दुनिया के रोल मॉडल है। ग्लोबल ग्रोथ में भारत की भागीदारी 16त्न हो गई है। ऐसा अनेकों के संकट के बाद हुआ है। पैंडेमिक, युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद ऐसा हुआ है। हमने हर संकट का मुकाबला किया है। हर चुनौती का समाधान किया है। अगर ये संकट नहीं आते तो भारत आज जहां पहुंचा है उससे भी ऊंचाई पर होता। आज देश विकसित भारत के संकल्प को लेकर चल रहा है। बीते दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। हम देश के नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाइफ पर ध्यान दे रहे हैं। हमने कौशल विकास और रोजगार पर ध्यान केंद्रित किया है। इसमें मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया युवाओं की मदद कर रही है। मुद्रा योजना की मदद से आठ करोड़ से ज्यादा साथियों ने पहली बार कोई बिजनेस शुरू किया है। स्टार्टअप्स शुरू हुए हैं, लोगों युवाओं को इनमें काम मिला है। बजट में हुई पीएम पैकेज की घोषणा से चार करोड़ युवाओं को लाभ मिलेगा।

हमारी सरकार जिस तेज और स्तर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रही है, आप सब उसके गवाह हैं। यह अभूतपूर्व है। आज हम जिस दुनिया में रह रहे हैं, वह बहुत अनिश्चितताओं से भरी हुई है। ऐसी स्थिति में भारत जैसी विकास दर होना अलग बात है। ऐसी स्थिति में भारत के मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी होना भी बेहद अहम बात है। भारत इस स्थिति में भी बढ़ी विकास दर और कम महंगाई वाला देश है। इतनी बड़ी महामारी के बावजूद भारत का फिस्कल प्रूडेंस पूरी दुनिया के लिए रोल मॉडल है।

### केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले

# भारत में चीनी निवेश को समर्थन देने पर नहीं होगा पुनर्विचार

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को समर्थन देने पर पुनर्विचार नहीं कर रहा है, जैसा कि हाल में आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया था। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी रिपोर्ट है, जो हमेशा नए विचारों के बारे में बोलती है और अपनी सोच बताती है।



वाणिज्य मंत्री गोयल ने वाणिज्य भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में चीनी निवेश का समर्थन करने के लिए फिलहाल कोई पुनर्विचार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश में चीनी निवेश का समर्थन करने के बारे में कोई सोच नहीं है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण सरकार के लिए बिल्कुल भी बाध्यकारी नहीं है। गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि देश में चीनी निवेश को समर्थन देने पर फिलहाल कोई पुनर्विचार नहीं किया जा रहा है। दरअसल चीन के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच संसद में 22 जुलाई को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पेश आर्थिक समीक्षा में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बाजार का दोहन करने के लिए पड़ोसी देश चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने की वकालत की गई थी। गोयल ने इसी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 2020 में भारत के साथ सीमा साझा करने वाले देशों से एफडीआई के लिए उसकी मंजूरी अनिवार्य कर दी थी। भारत के साथ स्थलीय सीमा लगने वाले देशों में चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान प्रमुख हैं।

### देश में बिजली उत्पादन क्षमता 10 साल में 80 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता पिछले 10 साल में करीब 80 प्रतिशत बढ़कर जून 2024 तक 4,46,190 मेगावाट हो गई। बिजली राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मार्च 2014 में स्थापित क्षमता 2,48,554 मेगावाट थी, जो जून, 2024 तक बढ़कर 4,46,190 मेगावाट हो गई। कोयला आधारित बिजली की स्थापित क्षमता मार्च 2014 में 1,39,663 मेगावाट थी। इस साल जून में बढ़कर 2,10,969 मेगावाट हो गई। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की स्थापित क्षमता मार्च 2014 में 75,519 मेगावाट थी जो जून 2024 में 1,95,013 मेगावाट हो गई। मंत्री ने कहा कि भारत का ग्रिड दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत ग्रिड में से एक के रूप में उभरा है और पूरे देश को एक ग्रिड में जोड़ने से देश एक एकीकृत बिजली बाजार में बदल गया है।



# स्लोवाकिया ने दी यूक्रेन को डीजल आपूर्ति रोकने की धमकी, लुकोइल से आपूर्ति पहले ही हो चुकी है बंद

**प्राग।**

स्लोवाकिया ने कहा है कि अगर यूक्रेन के रास्ते स्लोवाकिया में रूसी तेल का पारगमन जल्द ही फिर से शुरू नहीं किया जाता है, तो स्लोवाक रिफाइनरी स्लोवनाफ्ट यूक्रेन को डीजल की आपूर्ति निलंबित कर देगी। गौरतलब है कि यूक्रेन ने हाल ही में रूसी कंपनी लुकोइल से ड्रुज़्बा पाइपलाइन के माध्यम से स्लोवाकिया और हंगरी तक तेल के पारगमन को रोक दिया था। यूक्रेन ने पिछले जून महीने में कंपनी को अपनी प्रतिबंध सूची में डाल दिया था। इसके बाद स्लोवाकिया के वित्त मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि यूक्रेन के माध्यम से स्लोवाकिया को लुकोइल से तेल की आपूर्ति पहले ही बंद हो चुकी है। स्लोवाकिया के के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने फेसबुक पर प्रकाशित एक वीडियो संदेश में कहा कि इस मूर्खतापूर्ण प्रतिबंध के आगे कार्यान्वयन से केवल यूक्रेन, स्लोवाकिया और हंगरी को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि अगर यूक्रेन के माध्यम से रूसी तेल का पारगमन जल्द ही फिर से शुरू नहीं किया जाता है, तो स्लोवनाफ्ट यूक्रेन को डीजल की आपूर्ति बंद कर देगा। फिको ने टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान विवाद को हल करने के लिए अपने यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस श्म्यहाल को एक तकनीकी समाधान का प्रस्ताव दिया, जिसके बारे में उनके कार्यालय ने कहा कि इसमें स्लोवाकिया सहित कई देशों की भागीदारी की आवश्यकता होगी। उन्होंने वीडियो संदेश में कहा कि स्लोवाकिया की ओर से मैं दोहराता हूं कि हम तैयार हैं। मैं उन रिपोर्टों का स्वागत करता हूं जो पुष्टि करती हैं कि संबंधित वाणिज्यिक कंपनियां पहले से ही इस तकनीकी समाधान को कम से कम समय में लागू करने के तरीके पर विचार कर रही हैं। स्लोवाकिया के विदेश एवं यूरोपीय मामलों के मंत्री जुराज ब्लानार ने स्लोवाकिया में हंगरी के राजदूत कसाबा बालोग के साथ एक बैठक के बाद कहा कि दोनों देशों ने संयुक्त रूप से बाधित तेल आपूर्ति के संबंध में यूरोपीय आयोग से तत्काल कार्रवाई की अपील की है।



# डब्ल्यूजीसी की रिपोर्ट में खुलासा: भारत में सोने की मांग अप्रैल-जून तिमाही में 5 फीसदी घटी

**नई दिल्ली।**

भारत में सोने की मांग में गिरावट आई है। सोने की मांग में यह गिरावट कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि के कारण दर्ज हुई है। अप्रैल-जून तिमाही में सोने की मांग पांच फीसदी घटकर 149.7 टन रह गई है। हालांकि, इस दौरान देश में सोने का कुल आयात आठ फीसदी बढ़कर 196.9 टन रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 182.3 टन था।

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-जून 2024 तिमाही में सोने की मांग घटकर 149.7 टन रह गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 158.1 टन थी। हालांकि, मूल्य के संदर्भ में सोने की मांग दूसरी तिमाही के दौरान 17 फीसदी बढ़कर 93,850 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 82,530 करोड़ रुपये रही थी।



रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-जून तिमाही में सोने की कीमतें आसमान छू गईं, जिससे 24 कैरेट सोने के दाम रिकॉर्ड प्रति 10 ग्राम 74,000 रुपये को पार कर गई। अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में अप्रैल-जून तिमाही में सोने की औसत कीमत 2,338.2 अमेरिकी डॉलर रही, जबकि 2023 की इसी अवधि में यह 1,975.9 अमेरिकी डॉलर थी। वहीं, रुपये के संदर्भ में दूसरी तिमाही में सोने की औसत कीमत 62,700.5 रुपये रही, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 52,191.6 रुपये (आयात शुल्क और जीएसटी को छोड़कर) रही थी।

'दूसरी तिमाही 2024 सोना मांग रुझान' रिपोर्ट के मुताबिक सोने की वैश्विक मांग में वृद्धि दर्ज हुई है। अप्रैल-जून तिमाही में मांग 4.16 फीसदी बढ़कर 1,258.2 टन हो गई। रिपोर्ट के अनुसार 2023 की दूसरी तिमाही में सोना की कुल वैश्विक मांग 1,207.9 टन थी, जो 2024 में बढ़कर 1,258.2 टन हो गई। डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने जारी बयान में कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में भारत की सोने की मांग में एक साल पहले की तुलना में 5 फीसदी की गिरावट आई है लेकिन आयात करों में कटौती के बाद स्थानीय कीमत में सुधार के कारण 2024 की दूसरी छमाही में खपत में सुधार होने की उम्मीद है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी बना दबाव

**नई दिल्ली।**

ग्लोबल मार्केट से मंगलवार को कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आमतौर पर दबाव का माहौल बना हुआ है।



पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार लगातार उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,463.54 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,370.20 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40,489.79 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद यूरोपीय बाजार के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 8,292.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.99 प्रतिशत टूट कर 7,443.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,320.67 के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में मंगलवार को आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना रहा। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,447.40 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,309.85 अंक के स्तर उछल गया है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,933.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 218.34 अंक यानी 0.57 प्रतिशत टूट कर 38,250.29 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स में बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 211.72 अंक यानी 1.23 प्रतिशत लुढ़क कर 17,026.62 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 1.09 प्रतिशत गिर कर 2,735.51 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 182.59 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,981.90 के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स से 0.70 प्रतिशत लुढ़क कर 7,237.88 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,876.87 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# मारुति की ग्रैंड विटारा एसयूवी ने अपने नाम किया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** देश की वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी मारुति सुजुकी ने कारों की बिक्री में एक नया रिकॉर्ड हासिल किया है। कंपनी ने इस बात का ऐलान किया कि ग्रैंड विटारा ने 23 महीनों के वक्त में अपनी 2 लाख यूनिट्स की बिक्री करके रिकॉर्ड हासिल किया है। कंपनी का कहना है कि मिड साइज सेगमेंट में बिक्री का यह आंकड़ा किसी भी दूसरी कारों की तुलना में सबसे तेज आंकड़ा रहा है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एसयूवी सेगमेंट में ग्रैंड विटारा की शुरूआत हमारे लिए सबसे खास रही है। ग्रैंड विटारा ने महज 23 महीनों में 2 लाख की बिक्री को पार किया है. जो दिखाती है कि ग्रैंड विटारा लोगों की कितनी पसंदीदा एसयूवी बन गई है। ग्रैंड विटारा ने स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड के साथ ग्राहकों को टिकाऊ विकल्प दिया है.ग्रैंड विटारा में 9 इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम, हेड-अप डिस्पले, 360 डिग्री कैमरा, वायरलेस फोन चार्जर, पैनोरमिक सनरूफ, फ्रंट वेंटिलेटेड सीटें, प्रीमियम क्लेरियन साउंड सिस्टम, पीएम 2.5 एयर केबिन फिल्टर आदि जैसी कई सुविधाएं कंपनी ने दी है। 6 एयरबैग के साथ आने वाली पहली मारुति की कार है। साथ ही टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, हिल डिसेंट कंट्रोल और हिल होल्ड असिस्ट जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं। ग्रैंड विटारा की कीमत 10.99 लाख रुपये से शुरू होकर 19.93 लाख रुपये तक है। इसके स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड की कीमत 18.43 लाख रुपये हैं। वहीं सीएनजी मॉडल की कीमत 13.15 लाख रुपये है।






# 16 साल की बेटी जिया ने रचा इतिहास, इंग्लिश चैनल पार करने वाली दुनिया की सबसे युवा और सबसे तेज पैरा तैराक

**नई दिल्ली।**
'ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर' से पीड़ित मुंबई की 16 वर्षीय जिया राय इंग्लिश चैनल पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की और सबसे तेज पैरा तैराक बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 28-29 जुलाई को हासिल की। जिया ने 28 से 29 जुलाई के बीच 17 घंटे और 25 मिनट के समय में इंग्लैंड के एबट्स क्लिफ से फ्रांस के प्वाइंट डे ला कोर्टे-ड्यून तक इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया। उन्होंने 34 किलोमीटर की दूरी तय की।

वह मुंबई में सेवारत नौसेना के मदन राय की बेटी हैं। पश्चिमी नौसेना कमान (डब्ल्यूएनसी) ने युवा पैरा तैराक को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। पश्चिमी नौसेना कमान ने 'एक्स' पर लिखा, 'डब्ल्यूएनसी के सभी कर्मचारी जिया राय को इंग्लिश चैनल को सफलतापूर्वक अकेले तैरकर पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की और सबसे तेज महिला पैरा तैराक बनने पर हार्दिक बधाई देते हैं।'

**जिया ने हासिल की बड़ी उपलब्धि–** जिया ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें पहले पाक खाड़ी में तैरना शामिल है। अपनी सभी अक्षमताओं के बावजूद, जिया सात महासागरों को तैरने वाली दुनिया की पहली और सबसे कम उम्र की पैरा तैराक बनने के मिशन पर हैं। ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर एक न्यूरोलॉजिकल और विकासात्मक स्थिति है जिसका प्रभाव इस बात पर पड़ता है कि लोग दूसरों के साथ कैसे बातचीत करते हैं, संवाद करते हैं, सीखते हैं और व्यवहार करते हैं।

**जिया की कई और उपलब्धियां–** जिया ने इतनी कम उम्र में बहुत कुछ हासिल किया है, जैसे दिसंबर 2022 में, उसने 1,100 किलोमीटर तैराकी की। यह मुंबई से गोवा तक छह सदस्यीय रिले टीम के हिस्से के रूप में किया गया था और 11 दिन, 22 घंटे और 13 मिनट में वसई किले तक वापस लाया गया था। वह टीम की सबसे कम उम्र की और एकमात्र महिला प्रतिभागी थीं। पश्चिमी नौसेना कमान के अनुसार, जिया ने श्रीलंका में स्थित तलाईमन्नार से लेकर भारत में स्थित धनुषकोडी तक पाक जलडमरूमध्य को तैरकर पार किया है। वह 13 घंटे 10 मिनट के भीतर 29 किलोमीटर की दूरी तय करने में सफल रहीं और 20 मार्च, 2022 को विश्व रिकॉर्ड बनाया। इसलिए, वह पाक जलडमरूमध्य को तैरकर पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की और सबसे तेज महिला एथलीट बन गईं। जिया राष्ट्रीय और राज्य ओपन वाटर सी-स्विमिंग चैंपियनशिप में भी पदक जीत चुकी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बोपन्ना ने ओलंपिक में मिली हार के साथ ही खेल की दुनिया से लिया संन्यास



**पेरिस।** भारत के सबसे अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने ओलंपिक पुरुष युगल के पहले दौर में हार के बाद खेल से संन्यास की घोषणा कर दी। 43 साल के बोपन्ना और उनके जोड़ीदार श्रीराम बालाजी की जोड़ी को फ्रांसीसी जोड़ी के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। बोपन्ना ने कहा कि मैंने देश के लिए अपने करियर का अंतिम मैच खेल लिया है हालांकि मैं जीत के साथ अलविदा कहना चाहता था पर वैसा नहीं हो पाया। बोपन्ना और बालाजी को एडवर्ड रोजर वासेलिन और गेल मोनफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी ने 5-7, 2-6 से हराया था। इससे भारत के ओलंपिक पदक जीतने की उम्मीदें फिर टूट गयी। भारत की ओर से अंतिम बार पेस ने अटलांटा ओलंपिक के पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता था। उसके बाद से ही भारत अब तक कोई पदक नहीं जीत पाया है। बोपन्ना साल 2016 में सानिया मिर्जा के साथ मिश्रित युगल में पदक के करीब पहुंचे थे पर यहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।बोपन्ना ने कहा कि वह 2026 एशियाई खेलों में शामिल नहीं होंगे और कहा कि ओलंपिक के साथ ही मैंने रिटायरमेंट ले लिया है। ये मेरा आखिरी टूर्नामेंट था। मैं पूरी तरह से समझता हूं कि मैं किस स्थिति में हूं। मैं अब जब खेल सकूंगा तब टेनिस का आनंद उठाउंगा। उन्होंने पहले ही डेविस कप से संन्यास की घोषणा कर दी थी। साथ ही कहा कि मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं दो दशकों तक भारत की ओर से खेलूंगा। मैंने 2002 में करियर की शुरुआत की थी और 22 साल बाद भी भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला ये मेरे लिए गर्व की बात है।

### 2036 ओलंपिक भारत में ही होंगे : नीता अंबानी



**मुम्बई।** रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक समिति (आईओसी) में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि नीता अंबानी ने कहा है कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी करेगा। नीता ने ओलंपिक में भारत के पहले कंट्री हाउस (इंडिया हाउस) का उद्घाटन भी किया था। उन्होंने कहा कि 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी भारत ही करेगा। नीता ने कहा कि ऐसा वहीं नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीय भी चाहते हैं। नीता के नेतृत्व में ही पेरिस ओलंपिक इतिहास में पहली बार भारत का कंट्री हाउस बना है। इंडिया हाउस, पेरिस ओलम्पिक में पहुंचे भारतीय खिलाड़ियों, समर्थकों व दर्शकों के लिए एक घर की तरह है। नीता का लक्ष्य भारत सहित दुनिया भर में ओलंपिक अभियान को आगे बढ़ाना है। आईओसी के सदस्य के तौर पर नीता युवा पीढ़ी और खेल जगत से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित करते नजर आ रही हैं। नीता का खेल जगत में प्रोत्साहन, वैश्विक खेल क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। नीता , भारती संस्कृति और छवि को पूरी दुनिया में आगे बढ़ाना चाहता है। उनकी ये पहल भारत को खेल जगत में एक नई दिशा में ले जा रही है। कॉर्पोरेट जगत से जुड़ी नामी हस्तियों के खेल जगत से जुड़ने से युवा खिलाड़ियों को लाभ हो रहा है।

### भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या बेटे के जन्मदिन पर हो गये भावुक



**पालिकेली।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अभी श्रीलंका में टी20 सीरीज खेल रहे हैं। पिछले दिनों उनका पत्नी नताशा स्टेनकोविक के साथ तलाक हो गया था। इसके बाद नताशा बेटे अगस्त्या को लेकर वापस सर्बिया चली गयी थी। इससे हार्दिक निराश हैं। उनकी ये निराशा बेटे के जन्मदिन पर उमड़ आई। 30 जुलाई मंगलवार को बेटे अगस्त्या के जन्मदिन पर उन्होंने एक खास पोस्ट भी साझा की है। इस अवसर पर बेटे से दूर रहे रहे हार्दिक भावुक हो गये। उन्होंने अगस्त्या के साथ एक वीडियो साझा करते हुए उसे इस खास दिन पर बधाई दी। हार्दिक ने बेटे के जन्मदिन पर सोशल मीडिया के जरिये अपने संदेश में लिखा, तुम मुझे हर एक दिन आगे बढ़ने की हिम्मत देते हो, मेरे हर एक अच्छे और बुरे चीज के साथी तुमको जन्मदिन की बहुत सारी बधाई। मेरा दिल, मेरे अगस्त्या, मैं तुमसे कितना प्यार करता हूं ये शब्दों में बताना मुश्किल है। हार्दिक ने सर्बिया की मॉडल नताशा से कोरोना महामारी के दौरान शादी की थी पर चार साल बाद ही उनका ये रिश्ता टट गया।

## पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ने फिर रचा इतिहास

# सरबजोत के साथ जीता दूसरा मेडल

**पेरिस।**
मनु भाकर ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में फिर इतिहास रच दिया है. वह एक ही ओलंपिक में दो मेडल हासिल करने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन गई हैं. उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ कांस्य पदक जीत लिया है. इसी रविवार को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए पदकों का खाता खोलने वाली मनु ने तीन दिन के भीतर भारतीय दल के लिए दूसरा मेडल हासिल कर लिया है।

इन दोनों ने कोरियाई जोड़ीदार ओ ये जिन और ली वून्हो को 16–10 से हराया. कोरियाई जोड़ी में ओ ये जिन वही शूटर हैं जिन्होंने रविवार को 10 मीटर एयर पिस्टल के महिला वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया था. जिन इस कदर फॉर्म में थीं कि उन्होंने नए ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया था।

मनु और सरबजोत ने खिताबी मुक़ाबले में लीग मुक़ाबले के अंतर को बेहतर किया. मंगलवार को 'स्टिल आई राईज़' के आत्मविश्वास के साथ अपने नर्व्स पर नियंत्रण रखते हुए मनु ने इतिहास रच दिया। 28 जुलाई को वह ओलंपिक खेलों के इतिहास में शूटिंग में मेडल जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनीं थीं. महज तीन दिनों के भीतर अब वह एक ही ओलंपिक में दो–दो मेडल हासिल करने वाली भारतीय ओलंपिक इतिहास की इकलौती खिलाड़ी बन गई हैं।

वैसे भारत के लिए पहलवान सुशील कुमार और बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु दो ओलंपिक मेडल जीत चुके हैं लेकिन उन्होंने ये कारनामा दो अलग–अलग ओलंपिक में किया था. 2008 के बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने



के बाद सुशील कुमार ने 2012 के लंदन ओलंपिक में रजत पदक हासिल किया था. जबकि पीवी सिंधु 2016 के रियो ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद 2020 के टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही थीं. साल 2021 में मनु भाकर ने 'बीबीसी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ़ द ईयर 2020' अवॉर्ड जीता था. इस सम्मान को हासिल करते हुए उन्होंने अपने इरादे ज़ाहिर किए थे कि उन्हें देश के लिए ज़्यादा से ज़्यादा मेडल हासिल करने हैं. उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि, 'मुझे मालूम हुआ है कि आप लोग लाइफ़ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के साथ इर्मेजिंग इंडियन स्पोर्ट्सवुमेन का अवार्ड दे रहे हैं, तो मुझे बहुत अच्छा लगा. ' मनु भाकर ने कहा था, 'लाइफ़टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए आपको बहुत लंबे समय तक अच्छा करना होता है, बहुत हासिल करना होता है. तब जाकर आप को यह सम्मान मिलता है, जबकि इमर्जिंग अवॉर्ड उनको मिलता है जो अच्छा कर सकते हैं, जो देश के लिए ज़्यादा मेडल हासिल कर सकते हैं।'

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी बधाई

राष्ट्रपति ने मनु और सरबजोत को जीत बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा– शूटिंग की मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई! मनु भाकर ने एक ही ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने हमें बेहद गौरवान्वित किया है। मैं उन्हें और सरबजोत सिंह को भविष्य में और अधिक उपलब्धि हासिल करने की शुभकामनाएं देती हूं। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा– हमारे निशानेबाजों ने हमें गौरवान्वित करना जारी रखा है। ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत बेहद खुश है।

### मनिका टेटे से अंतिम 16 में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनी



भारत की मनिका बत्रा पेरिस ओलंपिक खेलों की टेबल टेनिस स्पर्धा के प्री–क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। इसी के साथ ही मनिका ने एक अहम उपलब्धि हासिल की है। वह टेबल टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बन गयी हैं। मनिका ने अंतिम 32 मुकाबले में फ्रांस की 12वीं वरीयता प्राप्त प्रीथिका पवाडे को सीधे गेमों में हराया। 18वीं वरीयता प्राप्त मनिका ने आधे घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में आसानी से 11–9, 11–6, 11–9, 11–7 से जीत हासिल की। इसी के साथ ही वह ओलंपिक टेबल टेनिस के अंतिम–16 में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गयी हैं। मनिका का पहले गेम में मुकाबला करीबी रहा। मनिका ने अंतिम तीन अंक अपने नाम कर इसे 11–9 से जीता। वहीं दूसरे गेम की शुरुआत में भी मुकाबला काफी करीबी रहा पर 6–6 की बराबरी के बाद मनिका ने प्रीथिका को कोई अवसर नहीं दिया और 11–6 से वह जीत गई। मनिका ने तीसरे गेम में भी लय जारी रखते हुए पांच अंक की बढ़त बनाई पर प्रीथिका ने लगातार चार अंक हासिल कर स्कोर को 9–10 कर दिया। प्रीथिका दबाव में गेंद को नेट पर खेल गयी और मनिका ने 11–9 से इस गेम को जीत लिया। मनिका ने चौके गेम में 6–2 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत को 10–4 में बदल कर छह मैच अंक हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब प्री प्री–क्वार्टर में मनिका का अगला मुकाबला हांगकांग की झू चेंगजू और जापान की मियू हिरानो के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा।

## साइकिल से पेरिस ओलंपिक पहुंचा भारतीय प्रशंसक नीरज चोपड़ा को इतिहास रचते देखना चाहता है



**पेरिस।**
एक भारतीय प्रशंसक पेरिस ओलंपिक मे भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने और शांति का संदेश देने के लिए भारत से पेरिस पहुंचा है। ये प्रशंसक साइकिल से 30 देशों का सफर तय करने के साथ ही 22,000 किलोमीटर की यात्रा कर यहां तक पहुंचा है। ये प्रशंसक भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से भी मिलेगा। ये प्रशंसक केरल के कालीकट से साइकिल से यहां पहुंचा है। इसमें इसे दो साल का समय लगा है। इस व्यक्ति का ना फैयस असरफ अली है। उसने 15 अगस्त 2022 को यात्रा शुरू की थी और 30 देशों का सफर तय किया। अली ने शांति और एकता फैलाने के लिए भारत से लंदन तक साइकिल चलाने से शुरुआत की थी। 17 देशों में साइकिल चलाने के बाद जब वह बुडापेस्ट में पहुंचा तो टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता उसे मिले।

इंडिया हाउस में अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद अली ने कहा, मुझे भारतीय एथलीटों से बात करने के लिए कुछ मिनट मिले और नीरज ने मुझसे कहा कि आप लंदन जा रहे हैं, तो ओलंपिक के लिए पेरिस क्यों नहीं आते। मुझे लगा कि पेरिस में उनसे फिर से मिलना एक बेहतरीन अवसर होगा, इसलिए मैंने अपनी योजना में थोड़ा बदलाव किया और आवश्यक वीजा प्राप्त किया और यहां अपनी यात्रा समाप्त करने से पहले साइकिल से यूके चला गया। उन्होंने कहा, मैं उनसे फिर से मिलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैंने आईओए प्रमुख पीटी उषा से अनुरोध किया है। मैं उन्हें फिर से स्वर्ण इतिहास बनाते देखने के लिए यहां आया हूं। हम उनका 8 अगस्त होने वाले मुकाबले में उत्साहि बढ़ाएंगे।

ये व्यक्ति चार जोड़ी कपड़े, एक टेंट, एक स्लीपिंग बैग और एक चटाई लेकर चलता है जिससे साइकिल का कुल वजन 50 किलो हो जाता है। इस व्यक्ति ने कहा, मैं कभी भी होटल में नहीं रुकता और रास्ते में कुछ प्रायोजक मिल जाते हैं और बस इतना ही। बीच में दो बार मैं वीजा की व्यवस्था करने के लिए केरल गया।

उन्होंने कहा, सीमा पार करने के लिए आपको बस वीजा की जरूरत होती है, साइकिल चालक को किसी अन्य दस्तावेज की जरूरत नहीं होती। साथ ही कहा कि लोगों के का प्यार और हर जगह मिलने वालास्वागत मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। मैं यहां हूं और बहुत उत्साहित हूं। इस व्यक्ति का इंग्लैंड में स्वागत क्रिकेटर क्रिस गेल, हरभजन सिंह और सुरेश रैना ने किया था।

## ओलंपिक 2024 में शामिल नहीं होने पर मुरली श्रीशंकर ने कहा- मैं पेरिस मिस कर रहा हूं

**नई दिल्ली।**
भारत के शीर्ष लंबी कूद एथलीट और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मुरली श्रीशंकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 से चूकने को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर रहने वाले श्रीशंकर को पिछले महीने अपने गृहनगर पलक्कड़ में प्रशिक्षण के दौरान बाएं घुटने में चोट लग गई थी। कई परामर्शों और परीक्षणों के बाद उन्होंने सर्जरी का विकल्प चुना, इसलिए उन्होंने खुद को इस प्रतिष्ठित बहु–खेल प्रतियोगिता से बाहर कर लिया।

चोट लगने के बाद 25 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सप्ताह दोहा, कतर में घुटने की सफल सर्जरी कराई, जिसके कारण वह चल रहे मेगा इवेंट से बाहर हो गए। जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स 18 के ओलंपिक विशेषज्ञ मुरली श्रीशंकर ने एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे ओलंपिक के लिए पेरिस में होने की याद आती है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन मेरे पास खुद को मानसिक रूप से मजबूत रखने और अगले ओलंपिक के लिए वापस आने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है, जो लॉस एंजिल्स में है। एक प्रशंसक के रूप में, मैं उन भारतीय एथलीटों का उत्साह बढ़ाऊंगा पर जो पेरिस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। एथलेटिक्स जल्द ही ओलंपिक में शुरू होने वाला है, मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अगस्त के दौरान एक्शन में होंगे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के क्वालीफायर 6 अगस्त को होंगे और फाइनल दो दिन बाद होगा।

चोपड़ा के अलावा, अविनाश साबले (पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज़), तजिंदरपाल सिंह तूर (पुरुष शॉट पुट),




पारुल चौधरी (महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज़), ज्योति याराजी (महिला 100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (महिला भाला फेंक) और अन्य एथलीट ओलंपिक में शामिल होंगे। श्रीशंकर का मानना है कि भारत इस बार एथलेटिक्स में एक से अधिक पदक जीत सकता है। इसके अलावा, एथलीट ने भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के बारे में बात की। उनका मानना है कि चोपड़ा पदक के दावेदार हैं और इस बार वह अपना स्वर्ण पदक बचाने उतरेंगे। उन्होंने कहा, नीरज चोपड़ा एक मजबूत पदक दावेदार हैं और वह अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक का बचाव करने जा रहे हैं। अविनाश साबले जैसे अन्य एथलीटों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, और लंबी और ट्रिपल जंप में भी। अगर चीजें अच्छी रहीं, तो मैं हूं। निश्चित रूप से हम पेरिस से कुछ आश्चर्य देखेंगे, जैसे स्टीपलचेज़ में, और 4×400 रिले इवेंट भी देखना रोमांचक होगा, अगर सब कुछ सही रहा, तो हमारे एथलीट सिर्फ एक पदक के साथ पदक तालिका को बंद कर देंगे।

## ओलंपिक में खिलाड़ियों के शामिल होने पर मध्य रेलवे को गर्व

**मुंबई।**
मध्य रेल के दो खिलाड़ी दिनांक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस, फ्रांस में आयोजित पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय ओलंपिक दल का हिस्सा हैं। इसके लिए मध्य रेल को गर्व है। स्वप्निल खुसाले और अंकिता ध्यानी, जो मध्य रेलवे खेल संघ के सदस्य हैं और क्रमशः पुणे मंडल और मुंबई मंडल में वाणिज्यिक सह टिकट क्लर्क के रूप में कार्यरत हैं, पेरिस–2024 ओलंपिक के लिए भारतीय ओलंपिक टीम का हिस्सा हैं। स्वप्निल खुसाले, महाराष्ट्र के एक खेल निशानेबाज हैं और मध्य रेल के कर्मचारी हैं। उन्होंने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई। इससे पहले 2022 में, उन्होंने 22 अक्टूबर को मिस्र के काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान के साथ पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3–पोजिशन स्पर्धा में ओलंपिक कोटा बर्थ जीता था। उन्होंने 2023 में चीन में एशियाई खेलों, 2022 में बाकू में विश्व कप और 2021 में नई दिल्ली में निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने 2015 से 2023 तक विभिन्न निशानेबाजी चैंपियनशिप में रजत और कांस्य पदक जीते हैं। वह पेरिस 2024 ओलंपिक में निशानेबाजी स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।




अंकिता ध्यानी उत्तराखंड की एक भारतीय एथलीट हैं और मध्य रेल की कर्मचारी हैं। वह मध्यम दूरी और लंबी दूरी की धावक हैं। उन्होंने पेरिस में 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है और महिलाओं की 5000 मीटर स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इससे पहले 2022 में, उन्हें चीन के हांगझोऊ में 2022 एशियाई खेलों में 5000 मीटर स्पर्धा के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम में नामित किया गया था। उन्होंने 26वें राष्ट्रीय फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स, 17वें, 18वें और 19वें फेडरेशन कप जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और 33वें, 34वें, 35वें और 36वें राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने 2022 में राष्ट्रीय फेडरेशन कप में रजत पदक और 2021 और 2023 में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय वरिष्ठ एथलीट चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता है। वह पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 5000 मीटर स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए मध्य रेल के महाप्रबंधक राम करन यादव ने कहा, यह मध्य रेल और भारतीय रेलवे के लिए गर्व की बात है कि उनके खिलाड़ी प्रतिष्ठित ओलंपिक टीम का हिस्सा हैं और अपने–अपने खेल आयोजनों में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि खेलों के लिए मानसिक और शारीरिक फिटनेस, पूर्ण ध्यान और जीवन में अनुशासन की बहुत कठोर व्यवस्था की आवश्यकता होती है।

खेल की भावना में उत्कृष्टता प्राप्त करने और सर्वश्रेष्ठ हासिल करने की प्रबल इच्छा होती है। मध्य रेल अपने खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने में बहुत सक्रिय रहा है। खिलाड़ी अपनी सफलता और उपलब्धियों का श्रेय मध्य रेल खेल संघ (सीआरएसए) को देते हैं। यह एक ऐसा निकाय है जो नवोदित खिलाड़ियों को उनके सपनों को हासिल करने और रेलवे और देश के लिए सम्मान लाने के लिए भर्ती, प्रचार, प्रशिक्षण और प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। सीआरएसए की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पदक जीतने की क्षमता रखने वाली युवा प्रतिभाओं को तैयार करने और खोजने के लिए मध्य रेल स्कूलों में पाठ्यक्रम शुरू करने की भी योजना है।

## कमेंटेटर बॉब बैलार्ड ने ऑस्ट्रेलिया की महिला तैराकी टीम का किया अपमान

# ओलंपिक प्रसारकों ने किया बर्खास्त, बाद में मांगी माफी

**पेरिस।**
पेरिस ओलंपिक के दौरान अनुभवी खेल कमेंटेटर बॉब बैलार्ड को ऑस्ट्रेलियाई महिला तैराकों के बारे में लैंगिक भेदभाव वाली टिप्पणी करने की सजा मिली है। ओलंपिक में प्रसारकों ने उन्हें कमेंटेटर की भूमिका से हटा दिया है। यह घटना ओलंपिक में 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम स्पर्धा के बाद हुई। इसमें ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। इस टीम में मोली ओकैलाघन, एम्मा मैक्कॉन, मेग हैरिस और शायना जैक शामिल थीं।

जब टीम पूल डेक से निकल रही थी, तभी बैलार्ड ने लैंगिक भेदभाव वाली टिप्पणी की। उन्होंने टिप्पणी के साथ कहा कि आप जानते हैं कि महिलाएं कैसी हैं ... चारों ओर घूमना, उनका मेकअप करना। टिप्पणी जल्दी ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके कारण ब्रॉडकास्टर्स यूरोस्पोर्ट ने बैलार्ड को कमेंट्री टीम से हटाने की घोषणा की। उनके साथ कमेंट्री कर रहे ब्रिटिश तैराकी चैंपियन लिजी सिमंड्स ने तुरंत टिप्पणी को अपमानजनक के रूप में लेबल किया, जिस पर बैलार्ड हसंने लगे।

यूरोस्पोर्ट ने एक बयान जारी कर कहा कि बैलार्ड ने अनुचित टिप्पणी की और उन्हें तत्काल प्रभाव से कमेंट्री रोस्टर से हटा दिया गया। उन्होंने कहा, यूरोस्पोर्ट के कवरेज के एक सेगमेंट के दौरान कमेंटेटर बॉब बैलार्ड ने अनुचित टिप्पणी की। इसके लिए उन्हें तुरंत प्रभाव से हमारे कमेंट्री रोस्टर से हटा दिया गया है।



रिपोर्टर और बैलार्ड ने अब सार्वजनिक रूप से विवाद के बारे में बातचीत की है। उन्होंने माफी भी मांगी है। बैलार्ड ने लिखा, यूरोस्पोर्ट के लिए कमेंट्री करते वक्त मेरी एक बात से काफी लोगों को ठेस पहुंची है, लेकिन मेरा उद्देश्य कभी किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। मैं इसके लिए माफी मांगता हूं और महिला एथलीटों का सम्मान करता हूं।

मैं यूरोस्पोर्ट टीम को मिस करने वाला हूं, लेकिन पूरे ओलंपिक टूर्नामेंट के लिए मैं उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने लगातार चौथे ओलंपिक में इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। टीम ने जीत के बाद जश्न मनाया और हाथ हिलाकर दर्शकों का अभिवादन भी स्वीकार किया।

बॉब बैलार्ड 1980 के दशक से वैश्विक खेल प्रसारण में एक प्रभावी व्यक्ति रहे हैं। उन्होंने कई ओलंपिक खेलों और विश्व चैंपियनशिप को कवर किया है। उन्होंने वाटर पोलो, आइस हॉकी और व्हीलचेयर टेनिस जैसे विभिन्न खेलों पर कमेंट्री करके अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। हालांकि, बैलार्ड तैराकी और डाइविंग जैसी स्पर्धाओं में अपनी शानदार कमेंट्री और कवरेज के लिए सबसे ज्यादा प्रसिद्ध हैं। अपनी आवाज की बदौलत वह दुनिया भर के दर्शकों के लिए एक परिचित चेहरा भी बन गए।



# तंत्रिका दोषों को रोकने में मददगार है हेजलनट

**हल्का** मीठा और स्वादिष्ट हेजलनट में कई बीमारियों से शरीर की रक्षा करने की क्षमता है। हल्का मीठा और स्वादिष्ट हेजलनट फिल्बर्ट के रूप में जाना जाता है। हालांकि दुनिया भर में इसकी खेती की जाती है, लेकिन तुर्की, इटली और अमेरिका में इसका उत्पादन बहुत अधिक होता है। इस नट का रंग पीले से भूरा होता है और आकार में गोलाकार से अंडाकार होता है। मार्बल आकार के इस नट में पोषक तत्वों की विस्तृत श्रृंखला पाई जाती है। यह स्वादिष्ट फल वजन कम करने और दिल के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। हेजलनट में कई बीमारियों से शरीर की रक्षा करने की क्षमता है। आइए हेजलनट के ऐसे की कुछ अदभुत स्वास्थ्य गुणों की जानकारी लेते हैं।

### दिल के लिए लाभकारी

हेजलनट असंतृप्त वसा से भरपूर होता है, यह दिल की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। हेजलनट में ओलिक एसिड खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और ब्लड में अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। नियमित रूप से हेजलनट के सेवन से कोलेस्ट्रॉल को 27 प्रतिशत कम किया जा सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि हेजलनट के सेवन से रक्त वाहिकाओं में बाधा और धमनी की दीवारों पर जमा होने वाले खराब कोलेस्ट्रॉल के ऑक्सीकरण को कम किया जा सकता है। नियमित रूप से हेजलनट का सेवन करने वाले लोगों में दिल के दौरे के कारण होने वाली मौत का जोखिम 50 प्रतिशत कम होता है। इसके अलावा इसमें दिल को स्वस्थ रखने के लिए मैग्नीशियम भी भरपूर मात्रा में होता है।

### फोलेट और विटामिन ई से भरपूर



अधिकांश नट्स के विपरीत, हेजलनट फोलेट का बहुत अच्छा स्रोत हैं। फोलेट गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह मेगालोब्लास्टिक एनीमिया और बच्चों के तंत्रिका दोषों को रोकने में मदद करता है। इसके अलावा हेजलनट विटामिन ई को बहुत अच्छा स्रोत है। विटामिन ई लाल रक्त कोशिकाओं के विघटन को रोकता है और एनीमिया के जोखिम को कम करता है। ब्लड का सही सर्कुलेशन प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत रखने, बुखार, सर्दी और अन्य बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है।

### मांसपेशियों और हड्डी स्वास्थ्य के लिए अच्छा

मैग्नीशियम कैल्शियम की मात्रा को शरीर में लाने और बाहर ले जाने के लिए विनियमित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कैल्शियम की उचित मात्रा मांसपेशियों के संकुचन को बढ़ावा और रिलैक्स करने में मदद करती है। यह मांसपेशियों में तनाव, दर्द, ऐंठन, थकान, और ऐंठन से बचाती है। मैग्नीशियम का उच्च स्तर मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा हेजलनट मैंगनीज से भी भरपूर होता है। यह मिनरल हड्डियों के विकास और मजबूती के लिए आवश्यक होता है। हेजलनट में मैगनीशियम स्केलेटल सिस्टम की संरचना और शक्ति के निर्माण के लिए बहुत उपयोगी होता है। यह बोन मिनरल घनत्व को बढ़ाता और ऑस्टियोपोरोसिस से लड़ता है।

### कैंसर से बचाव

हेजलनट कैंसर कोशिकाओं के विकास का नेतृत्व करने वाले कारक को खत्म करने के लिए जाना जाता है। यह शरीर में मौजूद दुष्ट कोशिकाओं को शांत करने में मदद करता है। हेजलनट में पाया जाने वाला बीटा-सिटोस्टेरोल स्तन और प्रोस्टेट कैंसर के खतरे को कम करता है। कई अध्ययनों के निष्कर्षों के अनुसार, हेजलनट में अल्फा-टोकोड़ेरॉल, एक प्रकार का विटामिन ई ब्लैडर कैंसर के खतरे को लगभग आधा कर देता है। इसके अलावा हेजलनट में मैंगनीज की प्रचुर मात्रा में लंबे समय तक कैंसर से शरीर की रक्षा करती है। मैंगनीज कैंसर एंटीऑक्सीडेंट एंजाइम का एक घटक है जो कैंसर से रक्षा करने कोशिकाओं के माइटोकॉन्ड्रिया में उत्पादित होता है।

## अवसाद को करें इस तरह दूर



अगर आप अवसाद से पीड़ित हैं, तो आपको थकान, लाचारी, और नाउम्मीदी का एहसास हो सकता है। लेकिन यह जानना बेहद जरूरी है कि ये सारी मनोदशाएं अवसाद का हिस्सा हैं और ये सही स्थिति को ठीक ढंग से नहीं दर्शाते हैं। जैसे जैसे आप अपने अवसाद को पहचानने लग जाएंगे और उपचार की शुरूआत कर देंगे, तब नकारात्मक विचार गायब होते चले जाएंगे।

## बच्चे की खांसी का कारण निमोनिया तो नहीं?




बारिश और सर्दियों के मौसम के साथ ही मौसम परिवर्तन के दौर में निमोनिया होने की संभावना बढ़ जाती है। बारिश में इस बीमारी के संक्रमण ज्यादा फैलते हैं। ऐसे में थोड़ी एहतियात और डॉक्टर से परामर्श जरूरी हो जाता है। सन के बीज, तिल और शहद के मिश्रण में एक चुटकी नमक डालकर पानी मिला लें। इसके सेवन से पसलियों में आने वाली सूजन कम होगी।

इस तरह करें

# टेनिस एल्बो का घरेलू उपचार

टेनिस खिलाड़ियों को लंबे समय तक रैकेट पकड़कर खेलने और कोहनी की हड्डी व मांसपेशियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ने के कारण टेनिस एल्बो की समस्या होती है। यहां टेनिस एल्बों के लिए सबसे अच्छे घरेलू उपचारों की जानकारी दी गई हैं। लेकिन इसके अलावा उचित निदान और उपचार के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श करें।



**प्राकृतिक** उपायों से टेनिस एल्बो के दर्द को दूर किया जा सकता है। यह बीमारी टेनिस खिलाड़ियों को लंबे समय तक रैकेट पकड़कर खेलने और कोहनी की हड्डी व मांसपेशियों पर दबाव पड़ने के कारण होने वाले नुकसान से होती है। इसलिए इसे टेनिस एल्बो कहा जाता है। टेनिस एल्बो होने पर कोहनी में दर्द होता है, कभी-कभी यह दर्द असहनीय हो जाता है, संवेदनशीलता के कारण कोहनी और कलाई में सूजन आ सकती है। हाथ उठने में परेशानी होती है, उंगलियां भी इसके कारण प्रभावित हो सकती हैं, कलाई और घुटने के बीच के हिस्से में भी दर्द होता है। टेनिस एल्बो से बचने के किसी रास्ते के बारे में अभी तक जानकारी नहीं है। हालांकि, कुछ घरेलू उपाय अपनाकर इसे बढ़ने से जरूर रोका जा सकता है। इन उपायों को अपनाकर इस बीमारी के असर को कम किया जा सकता है।

### बर्फ की सिकाई

कोहनी पर बर्फ लगाना दर्द और सूजन को कम करने का सबसे सरल और आसान तरीकों में से एक है। बर्फ इस समस्या की प्रगति को रोकने में भी आपकी मदद करता है। बर्फ की बजाय आप जमे हुए मटर बैग का उपयोग भी कर सकते हैं। एक पतले तौलिये में बर्फ के कुछ टुकड़ों को लपेटें। अपनर कोहनी को तकिये और किसी गद्देदार क्षेत्र में आराम से रखें। फिर प्रभावित जगह पर धीरे से तौलिया को रखें। 10 से 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। दर्द दूर होने तक इस उपाय को दिन में कई बार दोहराये। लेकिन एक बात को हमेशा ध्यान में रखें कि बर्फ को सीधे त्वचा पर न लगाएं।

### कंट्रास्ट हाइड्रोथेरेपी यानी ठंडी और गर्म सिकाई

कंट्रास्ट हाइड्रोथेरपी का मतलब है, प्रभावित क्षेत्र में ठंडा और गर्म सेंक करना, कंट्रास्ट हाइड्रोथेरेपी टेनिस एल्बो के लिए एक और बहुत अच्छा उपाय है। गर्म ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने और दर्द को कम करने और ठंडा सेक सूजन को कम करने में मदद करता है। एक पतले तौलिये में गर्म पानी की बोतल लपेटें और दूसरे तौलिये में कुछ बर्फ को लपेटें। फिर लगभग तीन मिनट के लिए प्रभावित अंग पर गर्म सेक करें। अब गर्म सेक को हटाकर एक मिनट के लिए ठंडा सेक को प्रभावित हिस्से पर रखें। इस उपाय को 15 से 20 मिनट के लिए करें। राहत पाने के लिए इस उपाय को दिन में एक बार जरूर करें।

### प्राकृतिक दर्द निवारक हल्दी

हल्दी में पाया जाने वाला कुरकुमीन नामक तत्व, एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट और प्राकृतिक दर्द निवारक दवा के रूप में काम करता है। इसके अलावा, हल्दी एंटीऑक्सीडेंट का समृद्ध स्रोत होने के कारण फ्री रेडिकल्स से लड़ने और उपचार को गति प्रदान करने में मदद करता है। एक कप दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर उसे हल्का सा गर्म लें। फिर इसमें थोड़ी सा शहद मिलाकर कुछ हफ्तों के लिए दिन में दो बार पीएं।



### दर्द दूर करें अदरक

अदरक में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेंटरी गुण, टेनिस एल्बो के लक्षणों को दूर करने में बहुत मददगार होते हैं। अदरक की जड़ के एक छोटे से टुकड़े को काटकर उसे दो कप पानी में मिलाकर दस मिनट के लिए उबालें। फिर हल्का ठंडा होने पर उसमें शहद मिलाएं। इस मिश्रण को दिन में तीन बार तब तक पीएं जब तक की दर्द दूर न हो जाए।

### मसाज के फायदे

कैलेंडुला और एवोकैडो ऑयल से दर्द वाले हिस्से पर मालिश करना भी टेनिस एल्बो का एक और प्रभावी घरेलू उपाय है। कैलेंडुला और एवोकैडो दोनों तरह के तेल सूजन और दर्द से राहत देने में मदद करते हैं। इसके अलावा, मालिश रक्त परिसंचरण में सुधार और दर्द वाली मांसपेशियों को आराम देती है। दर्द के दूर होने तक दिन में दो से तीन बार मालिश करनी चाहिए।

### हर्ब यानी सेंट जॉन पौधा

एंटी-इंफ्लेमेंटरी गुणों के कारण सेंट जॉन पौधा टेनिस एल्बों को ठीक करने में आपकी मदद करता है। इसके अलावा यह दर्द से राहत देने के लिए एक एनाल्जेसिक के रूप में काम करता है। दो चम्मच सूखे सेंट जॉन के पौधे को एक कप गर्म पानी में लेकर उबाल लें। फिर इसे 10 मिनट के लिए कवर करके रख दें। थोड़ा सा ठंडा होने पर इसमें शहद मिला लें। दर्द के दूर होने तक इस हर्बल चाय को दिन में दो बार लें। डॉक्टर से दवाएं लेने पर इस हर्ब के इस्तेमाल से बचें।

### ठीक होने की प्रक्रिया में तेजी लाए मेथी

मेथी में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेंटरी गुणों के कारण यह सूजन को कम करने में आपकी मदद करता है। और ठीक होने प्रक्रिया को गति प्रदान करता है। एक चम्मच मेथी के बीज को आप गुनगुने पानी को ले सकते हैं। या एक या दो बड़े चम्मच मेथी के बीज के पाउडर में पर्याप्त मात्रा में दूध बनाकर पेस्ट बनाकर प्रभावित अंग पर इस पेस्ट को लगाए। और एक या दो घंटे के लिए छोड़ दें। फिर गुनगुने पानी इसे इसे धो लें। दर्द के दूर होने तक इस उपाय को दिन में एक बार करें।



# गठिया में लाभकारी पोकवीड हर्ब्स

**पोकवीड** एक बारहमासी जड़ीबूटी है, जो पूर्वी उत्तर अमेरिका का मूल निवासी है और दुनिया भर में इसकी खेती की जाती है। इसके बेरीज् और सूखी जड़ों का इस्तेमाल हर्बल उपचार में किया जाता है। पोकवीड सप्लीमेंट अर्क, टिंचर, पाउडर और पुलटिस के रूप में उपलब्ध है। पोकवीड के लिए कोई मानक खुराक निश्चित नहीं हैं।

**पोकवीड के गुण:** पोक एंटीबायोटिक, एंटी-इंफ्लेमेंटरी, एंटी-रूमेटिक, एंटी-स्कर्वीजनक, एंटी-सिफिलिटिक और एंटी-ट्यूमर के रूप में कार्य करता है। इस संयंत्र के कुछ हिस्सों जैसे बेरीज् और जड़ों को हर्बल उपचार के लिए उपयोग किया जाता है। पोकवीड एक तीखी कड़वी जड़ी-बूटी है जो प्रतिरक्षा और लसीका प्रणालियों के कार्य में मददगार होती है।

**पोकवीड को इस्तेमाल कैसे करें:** परंपरागत रूप से, पोकवीड के लाल पत्तों को लाकर पानी में उबलकर, अच्छे से निचोड़कर निकाल लें। फिर एक बार और उबला लें। ऐसा कम से कम तीन बार करना चाहिए और हर बार पानी को बाहर फेंक देना चाहिए। इन उबले हुए पत्तों का इस्तेमाल सलाद के रूप में या चाय के रूप में किया जा सकता है। इसके अलावा, यंग शूट को शतावरी के विकल्प के रूप में भी खाया जा सकता है। बेरीज् से रेड जूस निकाल कर फिर इसे पकाया जाता है। इस जूस का इस्तेमाल पाई बनाने के लिए किया जाता है। इसका इस्तेमाल अन्य जूस में जेली बनाने के लिए भी किया जाता है। पोकवीड के किसी भी हिस्से को कच्चा, असंसाधित नहीं खाया जा सकता है।

**महिलाओं के लिए पोकवीड:** पोकवीड महिलाओं की कई विशिष्ट बीमारियों को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। एंडोमेट्रिओसिस, पोकवीड के निर्धारित उपयोग के साथ हटाया जा सकता है। पीरियड्स से पहले ब्रेस्ट और पेट में दर्द को भी इसके इस्तेमाल से दूर किया जा सकता है। पोकवीड की जड़ में थोड़ी सी मात्रा मे तेल मिलाकर पेट पर हल्के हाथों से रगड़ने से आराम मिलता है। वैकल्पिक रूप से टिंचर की कम खुराक इस्तेमाल की जानी चाहिए। इन्टर्स्टिशल सिस्टाइटिस एक और भड़काऊ बीमारी है जिसे इसी टिंचर से ठीक किया जा सकता है। बवासीर के दर्द को भी इसकी जड़ों के सत्व से ठीक किया जा सकता है।

### बीमारियों के लिए पोकवीड


पोकवीड की जड़ का इस्तेमाल दर्दनाक मसल्स, जोड़ों (गठिया) के लिए इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही यह नाक, गला, और सीने में सूजन के अलावा टांसिलाइटिस, कर्कश गले, लसीका ग्रंथियों की सूजन, ब्रेस्ट में दर्द और सूजन किया जाता है। परंपरागत रूप से, हालांकि, पोकवीड जड़ का इस्तेमाल कभी कभार ही करना चाहिए। अमेरिका के मूल निवासी पोकवीड का चिकित्सा के रूप में इसकी जड़ का सबसे आम उपयोग उल्टी को प्रेरित करने के लिए रेचक के रूप में होता है। बेरीज् को भोजन में रंग एजेंट के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है, और वास्तव में अभी भी खाद्य उद्योग में इसका प्रयोग किया जाता है। जब इसे कच्चा खाया जाता है तो संयंत्र द्वारा उत्पादित एंजाइम जैसे लेक्टिंस लाल रक्त कोशिकाओं आपस में जुड़ जाती है। लेक्टिंस चिपकने वाले प्रोटीन हैं। ऐसे लेक्टिंस जो ब्लड टाइप के साथ मेल नहीं खाते, शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं। भोजन से आने वाले कई लेक्टिंस हानिकारक नहीं होते हैं, लेकिन थोड़ा बहुत असर होता है। अगर ये लेक्टिंस ब्लड ग्रुप के साथ मेल नहीं खाता, तो शरीर में जलन, सूजन हो सकती है। पोकवीड को अवसादरोधी दवाओं, डिसुलफिरम (Antabuse), ओरल गर्भ निरोधकों और प्रजनन की दवाएं ले रहे लोगों को द्वारा प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। हमेशा किसी भी जड़ी बूटियों को लेने से पहले अपने चिकित्सक और फार्मासिस्ट को बताएं।

## डिप्रेशन के दौरान स्वयं बदलें अपनी मानसिक हालत

# थोड़े से बदलाव से पाएं बड़ी राहत

वर्तमान समय में डिप्रेशन का दायरा सभी उम्र वर्ग में फैलता जा रहा है। बच्चों युवाओं और बुजुर्गों तक में यह बीमारी घर कर चुकी है डिप्रेशन के कारण न तो कोई काम ठीक से हो पाता है और ना ही कोई सुख मिल पाता है। डिप्रेशन से बाहर आने के लिए के लिए किए कुछ ऐसे काम हैं जो मददगार साबित होते हैं। इनसे उदासी दूर होती है और मन प्रसन्न होता है...

डिप्रेशन सिर्फ बीमारी नहीं है और न ही दिमागी फितूर। यह एक ऐसी मानसिक हालत है, जिसमें पॉजिटिव सोचने और बेहतर रिजल्ट तक पहुंचने की इंसान की कैपैसिटी कम हो जाती है। वक्त पर इलाज और करीबियों का साथ इस बीमारी से निपटने में अहम भूमिका निभाता है। उलझे सवाल, निराश करने वाले जवाब और अनिश्चितता किसी इंसान को उस मोड़ पर ले जाती है, जहां उम्मीदें काफी बेहद कम नजर आती हैं। जब स्थिति नाजुक मोड़ पर पहुंच जाती है तो नतीजे खतरनाक हो जाते हैं। जरूरत है तो इस पर वक्त रहते ध्यान देने और सही इलाज की।



### डॉक्टर पर न रहें निर्भर

ज्ञान ही शक्ति है। सिर्फ डॉक्टर पर निर्भर न रहें। किताबों, इंटरनेट आदि से अवसाद के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें। इससे आप अपनी स्थिति का ठीक-ठीक अहसास होगा और उचित उपचार ले सकेंगे। साथ ही नित नई जानकारी पा आप खुद को मानसिक रूप में तरोताजा भी रख पाएंगे।

### चीनी आर्ट भी फायदेमंद


यदि आप चाहें तो चीनी मार्शल आर्ट ताई ची का अभ्यास कर सकते हैं। यह धीरे, तालबद्ध और हल्के तरीक से शारीरिक मुद्राएं बनाने का व्यायाम है। इस आर्ट की जानकारी यूट्यूब पर मिल सकती है। इससे शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ जाता है।

### वॉक के साथ योग

दस मिनट की वॉक आपका मूड लंबे समय के लिए सुधार देती है। लय व ताल वाले व्यायाम जैसे तैरना, नृत्य, योग, साइकलिंग करें। लय-ताल से इनमें ध्यान का तत्व भी जुड़ जाता है। सुबह की गई वॉक मन को और भी ज्यादा प्रसन्नचित्त करती है और अच्छी शुरुआत पूरे दिन को बेहतर बनाती है।

# ...तो कभी कम नहीं हो सकता मोटापा

मोटापा एक ऐसी बीमारी है,जिसे नियंत्रण करना बहुत ही मुश्किल काम है। आज हर 5 में से 3 शख्स इस बीमारी की चपेट में हैं। हालांकि मोटापे का शिकार होने का जिम्मेदार इंसान खुद ही है। जंक फूड, अनियमित भोजन, तनाव और पूरी नींद न लेना ही वजन बढ़ने का मुख्य कारण है। वहीं मोटापा कई और बीमारियों की जड़ भी बनती है। आज हम आपको बताएंगे कि आप किस तरह से अपने मोटापे पर काबू पा सकत हैं।



### सिर्फ सोचने से नहीं चलेगा काम...

मोटापे का शिकार हर शख्स यहीं सोचता है कि अब कुछ भी हो जाए वह कल अपनी डाइटिंग और एक्सरसाइज की तरफ ध्यान देगा, लेकिन कुछ गंदी आदतें ऐसी हैं जो उसे पतला होने नहीं देती। अगर आप अपने खाने-पीने पर कंट्रोल नहीं करते हैं, तो आप लाख कोशिश कर लें, आप कभी भी पतले नहीं हो सकते।

### रोज शराब पीने की लत को सुधारें

डिनर के साथ जो लोग शराब पीते हैं। उनके पेट में तो सीधे तौर पर शक?कर जा रही है, जो उन?हें कभी पतला नहीं होने देगी। वहीं, अगर आप अपनी इस आदत को थोड़ा काबू कर लें और कुछ दिनों में केवल एक बार शराब का सेवन करें तो आपका मोटापा तेजी से घटेगा।

**रोज व्यायाम करने का प्रयास करें:** अगर आप अपने शरीर को लगातार काम नहीं करवा रहे हैं और खाकर सोफे पर पड़े रहते हैं, तो आप कभी पतले नहीं हो सकते। बॉडी फैट को घटाने के लिए शरीर को वर्कआउट करवाएं और खूब पसीना बहाएं। इससे आपका वेट अपने आप कम होगा। शरीर से पसीने के रास्ते कई बीमारियां भी निकल जाती हैं।

## मीठा खाने की आदत पर करें कंट्रोल

बात चाहें ब्रेकफास्ट की हो, पैक दही की या चाय कॉफी की, आपको हर किसी चीज में शुगर यानी मीठे की मात्रा तो मिल ही जाएगी जो शरीर में इक्ट्ठी होकर चर्बी का रूप ले लेती है इसलिए बाजार से कोई भी चीज खरीदने से पहले लेबल पर उसके शुगर कंटेंट के बारे में पढ़ लें।

### डेली डेजर्ट न खाएं


लोगों को इतना मीठा खाने की आदत पड़ चुकी है उन्हें रोज खाना खाने के बाद कुछ मीठा चाहिए, लेकिन डेजर्ट में काफी गुना शुगर होती है, जिसको रात में खाने से मोटापा काफी तेजी से बढ़ता है।

### ज्यादा खाने से करें परहेज

बहुत सारे लोगों को ऑफिस या फ्री टाइम में बैठकर कुछ न कुछ खाने की आदत होती हैं। अगर आप भी यहीं कुछ करते हैं, तो आपका पेट कभी कम नहीं होगा। पैकेट बंद स्नैक्स में काफी मात्रा में सोडियम, कार्बोहाइड्रेट् और शुगर होते हैं।

## रेसिपी

### खाखरा चाट



**सामग्री**

2 कप दरदरे क्रश किए हुए गेहूं से बने खाखरे, 2 स्पून तेल, 1 स्पून बारीक कटा हुआ लहसुन, 1 स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, 1/2 कप बारीक कटा हुआ प्याज, 1/2 कप बारीक कटे हुए टमाटर, 1/2 कप उबले हुए हरे मटर, 1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादअनुसार, 2 स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया, 2 स्पून नींबू का रस

**विधि**

एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें, लहसुन, हरी मिर्च और प्याज़ डालकर मध्यम आंच पर 1 मिनट के लिए भून लें। टमाटर, हरे मटर, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालकर अच्छी तरह मिला ले और मध्यम आंच पर 1 मिनट के लिए, बीच-बीच में हिलाते हुए पका लें। धनिया और नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिला लें। एक तरफ रख दें। परोसने के तुरंत पहले, क्रश किए हुए खाखरा और तैयार मिश्रण को मिलाकर हल्के हाथों मिला लें। तुरंत परोसें।

### बाजरा चकली



**सामग्री**

1/2 कप बाजरे का आटा, 1/2 कप गेहूं का आटा, 1 टी-स्पून कसा हुआ लहसुन, 1 टी-स्पून कलौंजी, 1 टी-स्पून हरी मिर्च का पेस्ट, नमक स्वादअनुसार, 2 टेबल-स्पून मक्खन (समान्य तापमान पर), 1 टेबल-स्पून दही, तेल , तलने के लिए

**विधि**

बाजरे का आटे, गेहूं के आटा, लहसुन, कलौंजी, हरी मिर्च का पेस्ट और नमक को एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। मक्खन को आटे के मिश्रण मे मिलाकर उंगलियों से मसलते हुए दरदरा मिश्रण बना लें। दही और थोड़ा पानी डालकर नरम आटा गूंथ लें। मिश्रण को चकली के सांचे में डालकर, न्यूसपेपर या एल्यूमीनियम फॉयल पर गोल-गोल आकार में, अंदर से बाहार की ओर लेते हुए चकली बना लें लगभग 50 मिमी । ऐसा करने से 15 से 17 चकली बनेंगे। एक गहरी कढ़ाई में तेल गरम करें, प्रत्येक चकली को हलके हाथों से चम्मच का प्रयोग कर उठाकर डालें, मध्यम आंच पर उनके दोनो तरफ सुनहरा होने तक तल लें। तेल सोखने वाले कागज़ पर निकाल लें। ठंडा कर हवा बंद डब्बे में रख कर संचय करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)